


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -296 जबलपुर, मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


लाखा बंजारा झील जीर्णोंद्धार एवं पुनर्विकास, निगम के नए भवन सहित 642 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### सागर की भूमि और यहां के लोगों का मेरे जीवन में विशेष स्थान- उत्तराखंड मुख्यमंत्री श्री धामी

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर कहा है कि सागर में कैंसर अस्पताल एवं रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय में विधि संकाय शुरु होगा। बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर शुरु होने जा रही केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वालीं विभूतियों को सम्मानित करने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाखा बंजारा ने यहाँ झील का निर्माण कर लोगों को पेयजल की समस्या से निजात दिलायी। उनके यह महान कार्य सदा स्मरणीय हैं। मैं उनकी इस महानता को नमन करता हूँ।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराजा छत्रसाल और आल्हा-ऊदल के शौर्य और बलिदान के लिए यह बुंदेलखंड की धरा जानी जाती है। अब बुंदेलखंड क्षेत्र का नया इतिहास लिखा जाएगा जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसम्बर को छतरपुर जिले के खजुराहो में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की नदी जोड़ने की परिकल्पना को साकार करने के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद जनसमुदाय को मुट्ठी बांधकर परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में आने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौरझामर नगर परिषद, बंडा बरा नगर पंचायत, नरयावली नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा भी की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा सरकार द्वारा सागर के विकास के लिए कायाकल्प के कई कार्य किए गए हैं जिसमें लाखा बंजारा झील का जीर्णोद्धार, पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी शामिल है। इससे सागर शहर का जल स्तर संतुलित बना रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव और उनकी पूरी टीम ने प्रदेश के विकास को एक नई दिशा प्रदान की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आज यहां 100 करोड़ रूपये से भी ज्यादा की विकास योजनाओं का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो रहा हैं। इन सभी कार्यों से डॉ. यादव की सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में मध्य प्रदेश के उज्जवल भविष्य की मजबूत नीव स्थापित कर ली है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले अपने आगामी कार्यकाल में डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और तेजी से विकास करेगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण प्राप्त हुआ तो मेरे मन में सागर में बिताए मेरे बचपन के दिन याद आ गए। यहां की अनेक स्मृतियां मेने मन में है, आज वे सारी यादें ताजा हो गई। उन्होंने कहा मैं अपने पैतृक स्थान पर आया हूं। सागर मेरे लिए केवल एक शहर नहीं बल्कि मेरे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा हैं।

## नाटक कर रही है कांग्रेस-रवि शंकर प्रसाद

### अंबेडकर को लेकर नहीं थम रहा सियासी संग्राम

नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसद का शीतकालीन सत्र खत्म हो चुका हौ लेकिन बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर शुरू हुआ विवाद अभी तक थम नाम रहा है। कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष भाजपा पर गंभीर आरोप लगा रहा है। वहीं भाजपा की ओर से पलटवार भी किया जा रहा है। इन सबके बीत पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने भी विपक्ष पर तगड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी देशभर में कुछ नाटक कर रही है। अंबेडकर जी के प्रति बहुत प्यार उमड़ गया है। प्रेस वार्ता कर रहे हैं।

रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश के महान सपूत डॉ भीमराव अंबेडकर का हमेशा अपमान किया। जिनको संविधान सभा का सदस्य नहीं बनने दिया। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने डॉ भीमराव अंबेडकर को 1952 लोकसभा चुनाव में हरवाया फिर 1954 के उप-चुनाव में हरवाया। जिस कांग्रेस पार्टी ने डॉ भीमराव अंबेडकर को मजबूर किया कि वो देश के कानून मंत्री पद से इस्तीफा दें। जिस कांग्रेस ने डॉ भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न भी नहीं दिया। उन्हें 1989 में भारत रत्न देने का काम भाजपा समर्थित सरकार ने किया। वह कांग्रेस पार्टी आज उनके नाम पर प्रेस वार्ता कर रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी, ये पाखंड बंद करो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हाल ही में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रशंसा करना एक खोखले नाटक के अलावा



और कुछ नहीं है। कांग्रेस के पिछले कार्य उनके वर्तमान रुख के बिल्कुल विपरीत हैं। पार्टी ने उन्हें संविधान सभा से बाहर कर दिया, चुनावों में हराया और उन पर कानून मंत्री के पद से इस्तीफा देने का दबाव डाला। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, उन्हें भारत रत्न पुरस्कार से भी वंचित कर दिया गया, जो बाद में भाजपा सरकार ने उन्हें प्रदान किया था। हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस पार्टी अब राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उनकी विरासत का इस्तेमाल कर रही है। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी के करीबी एक शीर्ष कांग्रेस नेता ने राहुल गांधी के खिलाफ हाल ही में हुए शारीरिक हमले के मामले पर कहा है कि डॉ. अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने की हमारी लड़ाई में यह सम्मान का बिल्ला है! अजीब! यह कैसा झूठ का जाल है! कांग्रेस धोखेबाज और नाटकीय नेताओं की पार्टी के अलावा कुछ नहीं है।

## यूपी के पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकी ढेर

### पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर किया था हमला



पीलीभीत (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में पुलिस के साथ एनकाउंटर में तीन खालिस्तानी आतंकी मारे गए हैं। तीनों पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर हमले के आरोपी थी। उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। मुठभेड़ के बाद आतंकियों के पास से पिस्टल व कुछ अन्य असलहा भी बरामद किया गया है।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर लिखा - मुठभेड़ पीएस पूरनपुर, पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में हुई है। यूपी और पंजाब की संयुक्त पुलिस टीमों ने इसे अंजाम दिया है। तीनों आतंकी गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले में शामिल थे। तीनों को सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया है। पूरे आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करने के लिए जांच जारी है। यूपी पुलिस और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस प्रतिष्ठानों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल तीन सदस्यों के साथ पीलीभीत में मुठभेड़ हुई है। घायल लोगों को उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया है। दो एके राइफल और दो ग्लॉक पिस्तौल बरामद हुई है। - गौरव यादव, डीजीपी, पंजाब बता दें, पंजाब के गुरदासपुर में दो दिन पहले पुलिस चौकी के सामने धमाका किया गया था। गुरदासपुर में चौकी बख्शीवाल बंद पड़ी है। इसी के बाहर धमाका हुआ था, जो इतना जोरदार था कि लोग सहम गए।


### पुणे में ट्रक ने फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रौंदा, तीन की मौत और छह घायल

महाराष्ट्र -महाराष्ट्र के पुणे शहर में फुटपाथ पर सो रहे लोगों को ट्रक ने रौंद दिया जिससे दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे वाघोली इलाके में हुई जहां फुटपाथ पर कई लोग सो रहे थे। उसने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''केसनंद फाटा इलाके के पास फुटपाथ पर कई लोग सो रहे थे और एक ट्रक ने उन्हें रौंद दिया जिससे तीन लोगों की मौत हो

## जब सत्ता चाहिए थी तब मंदिर मंदिर करते थे, सत्ता मिल गयी तो कह रहे हैं मंदिर मत

नई दिल्ली-(आरएनएस)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में एक संबोधन के दौरान कहा था कि हर जगह मंदिर ढूँढ़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मोहन भागवत के बयान का विपक्षी दलों सहित समाज के एक बड़े वर्ग ने स्वागत किया था लेकिन ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की आलोचना करते हुए उन पर 'राजनीतिक सुविधा' के अनुसार बयान देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि जब उन्हें सत्ता प्राप्त करनी थी, तब वह मंदिर-मंदिर करते थे अब सत्ता मिल गई तो मंदिर नहीं ढूंढ़ने की नसीहत दे रहे हैं।



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को कड़ा कदम उठाते हुए भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को उनके देश भेज देना चाहिए। उन्होंने बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार मामले में केंद्र सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए उसकी आलोचना भी की। शंकराचार्य ने पूर्व में आक्रांताओं द्वारा कथित रूप से तोड़े गए मंदिरों की सूची बनाकर उनका पुरातत्व सर्वेक्षण किए जाने तथा हिंदू समाज के गौरव को पुन: पुरस्थापित किए जाने की भी मांग की। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि अतीत में हिंदू समाज के साथ बहुत अत्याचर हुआ है और हिंदुओं के धर्मस्थलों को तहस नहस किया गया है। उन्होंने कहा, अगर अब हिंदू समाज अपने मंदिरों का पुनरूद्धार कर उन्हें पुन: संरक्षित करना चाहता है तो इसमें गलत क्या है ?

शंकराचार्य ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के संसद में बीआर आंबेडकर पर दिए बयान की भी आलोचना की। उन्होंने संसद परिसर में धक्का-मुक्की प्रकरण पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा कि धक्का-मुक्की प्रकरण की वजह केंद्रीय गृह मंत्री का आंबेडकर पर दिया वक्तव्य है। उन्होंने कहा कि देश में आंबेडकर की विचारधारा मानने वाले लोग अधिक हैं इसलिए हर कोई अपनी राजनीति के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रहा है।

### गलतफहमी पैदा करना सही नहीं... छगन भुजबल को लेकर अजित पवार ने तोड़ी चुप्पी



महाराष्ट्र (आरएनएस)।- राकांपा नेता छगन भुजबल को लेकर लगातार अटकलों का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि नई महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद नहीं मिलने से नाराज हैं। हालांकि, पूरे मामले को लेकर पार्टी प्रमुख अजित पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पवार ने कहा कि कभी-कभी नए लोगों को मौका देना पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने भुजबल का नाम लिए बिना कहा कि गलतफहमी पैदा करना... सही नहीं है। वह एक ऐसे समाधान का संकेत भी दे रहे थे जो भुजबल को संतुष्ट कर सकता है - जो पिछले साल राकांपा संस्थापक शरद पवार के खिलाफ विद्रोह में उनके साथ आने वाले 40 से अधिक विधायकों में से एक थे। अजित पवार ने संकेत देते हुए कहा कि 77 वर्षीय ओबीसी नेता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में कोई पद दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमने केंद्र में अधिक उम्र के लोगों को मौका देने के बारे में भी सोचा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसलिए गुस्सा जाहिर कर रहे हैं क्योंकि उन्हें कैबिनेट में नहीं लिया गया। लेकिन कभी-कभी नए लोगों को मौका देना पड़ता है। बेवजह गलतफहमी पैदा करना ठीक नहीं है। अजित पवार ने कहा कि हमने यह भी सोचा है

राहुल गांधी के परभणी दौरे पर बोले फडणवीस

## उनका काम नफरत फैलाना, राजनीतिक मकसद से आए हैं...

महाराष्ट्र (आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात की, जिनकी इस महीने की शुरुआत में महाराष्ट्र के परभणी में हिंसा के बाद कथित तौर पर न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी। मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। हालांकि, महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने राहुल पर अब पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यहां सिर्फ राजनीतिक मकसद से आए हैं, ये सिर्फ एक राजनीतिक बैठक थी, लोगों के बीच जातिगत आधार पर नफरत पैदा करने की कोशिश है, वो ये काम पिछले कई सालों से कर रहे हैं, इसलिए मुझे लगता है कि उनका काम नफरत फैलाना है। आज परभणी में इसे पूरा किया है।



मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि महाराष्ट्र सरकार संवेदनशील है इसलिए हमने इस पूरे मामले की न्यायिक जांच की घोषणा की है। न्यायिक जांच में सारी सच्चाई सामने आ जायेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कुछ भी छुपाया नहीं जाएगा, इसकी कोई वजह नहीं है और अगर उस जांच में यह सामने आया कि मौत मारपीट या किसी अन्य कारण से हुई है तो किसी को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले राहुल ने कहा कि मैं उनके परिवार और उन लोगों से मिला हूं जो मारे गए और पीटे गए। उन्होंने मुझे पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो, तस्वीरें दिखाई। उन्होंने दावा किया कि यह 100 फीसदी हिरासत में मौत है। उनकी हत्या हुई है और मुख्यमंत्री ने पुलिस को संदेश देने के लिए विधानसभा में झूठ बोला। राहुल ने आगे कहा कि उनके जवान को इसलिए मार दिया गया क्योंकि वह दलित था और संविधान की रक्षा कर रहा था। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आरएसएस की विचारधारा संविधान को नष्ट करने की है।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि यह मामला तुरंत सुलझे और जिन लोगों ने ऐसा किया है उन्हें सजा मिले। कोई राजनीति नहीं की जा रही है। राहुल ने आरोप लगाया कि विचारधारा जिम्मेदार है, क्योंकि मुख्यमंत्री ने यह बयान दिया है इसलिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं, जिन्होंने उन्हें मारा है वे जिम्मेदार हैं और जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए।

### बिहार शराबी और ग्रामीणों के विवाद में बवाल, 5 लोगों की कुचलकर हत्या, 6 गंभीर घायल

पूर्णिया. (आरएनएस)। बिहार के पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र के डोकवा गांव में बीती रात 5 लोगों की कुचलकर हत्या कर दी गई। एक सनकी युवक ने शराब के नशे में धुत होकर वारदात अंजाम दी। मामूली विवाद में उसने अपनी पिकअप वैन से कई लोगों को कुचल डाला। हादसे में 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई। 3 लोगों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

हादसे में 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रसाशन की टीम मौके पर पहुंची। आरोपी फरार है, जिसकी शिनाख्त करके तलाश शुरू कर दी गई है। घायलों की हालत नाजुक है। उन्हेंाने पूर्णिया रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। वहीं इस घटनाक्रम के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात डोकवा गांव का एक युवक शराब के नशे में धुत होकर हंगामा कर रहा था। गांव के कुछ लोगों ने उसे फटकार दिया और भगा दिया। ग्रामीणों ने उसे कहा कि यहां से चले जाओ। यहां हल्ला गुल्ला मत करो। इसके चलते विवाद काफी बढ़ गया और सनकी शराबी युवक अरुण वहां से अपने घर चला गया। घर जाकर उसने अपनी पिकअप वैन स्टार्ट की और उसे फुल स्पीड में लेकर आया। बताया जा रहा है कि उसने सड़क किनारे जो भी मिला, उसे कुचल दिया और वैन लेकर फरार हो गया।

### जाति जनगणना के मुद्दे पर राहुल गांधी को आया कोर्ट का नोटिस, गुस्साई कांग्रेस बोली- जजों को हटाया जाना चाहिए

नई दिल्ली-(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के दौरान जाति जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी टिप्पणी पर बरेली कोर्ट ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। नोटिस में विपक्ष के नेता को 7 जनवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। मामले में याचिकाकर्ता पंकज पाठक ने कहा कि हमें लगा कि राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान जातीय जनगणना पर जो बयान दिया है। वह देश में गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश जैसा है। हमने सबसे पहले उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसे एमपी-एमएलए कोर्ट ने खारिज कर दिया. इसके बाद हम जिला जज कोर्ट गए, वहां हमारी अपील स्वीकार



कर ली गई और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया गया। नोटिस में 7 जनवरी की तारीख दी गई है। नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने इसे बेकार नोटिस बताया और कहा कि जजों को उनके पद से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा इस मुद्दे पर चर्चा करने जैसा कुछ नहीं है। यह बेकार नोटिस है। न्यायाधीशों को उनके पद से हटा देना चाहिए। गांधी ने जितनी आबादी, उतना हक की हिमायत करते हुए अपनी आवाज उठाई है। एक चुनावी रैली के दौरान उन्होंने कहा था, सबसे पहले, हम पिछड़ी जातियों, एससी, एसटी, अल्पसंख्यकों और अन्य जातियों की सटीक आबादी और स्थिति जानने के लिए जाति जनगणना करेंगे।


### उत्तर प्रदेश में अनोखी मैरिज- 2 लड़कियों को हुआ इश्क, शादी के लिए किया गजब का काम



कन्नौज. उत्तर प्रदेश के कन्नौज में एक गजब की शादी देखने को मिली है. इस शादी की चर्चा न सिर्फ यूपी बल्कि पूरे देश में हो रही है. आपने अक्सर लोगों को कहते हुए सुना होगा कि प्यार में लोग हर हद पार कर देते हैं. ऐसा ही कुछ कन्नौज में भी हुआ है. 2 सहेलियों को एक-दूसरे से प्यार हो गया. मगर समलैंगिक शादी को भारत में मान्यता नहीं मिली है. ऐसे में शादी करने के लिए एक लड़की लड़का बन गई. जी हां, तीन ऑपरेशन करवाने के बाद लड़की ने अपना जेंडर चेंज करवाया और अपनी सहेली से शादी कर ली. प्यार की यह कहानी कन्नौज के सरायमीरा का है. यहां स्थित सर्राफा बाजार कारोबारी की बेटी बचपन से ही लड़कों की तरह रहती थी. उसे लड़का बनना बेहद पसंद था. इसी बीच उसकी दोस्ती एक लड़की से हो गई. लड़की ब्यूटी पार्लर चलाती है. दोनों की दोस्ती प्यार में बदली और पूरे इलाके में उनके रिश्ते की चर्चा होने लगी.

### राजगढ़ में भारत माता चौक पर दिग्विजय की आपत्ति के बाद भगवा हटाया, तिरंगा लहराया

राजगढ़ (आरएनएस)। भारत माता चौक पर लहरा रहे भगवा झंडे पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति की। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि उस खंभे पर पहले राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगा हुआ था। राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने उसे हटाकर केसरिया झंडा लगा दिया। दिग्विजय सिंह ने कलेक्टर को चेतावनी देते हुए कहा कि 24 दिसंबर तक उस केसरिया झंडे को उतारकर तिरंगा लगा दीजिए, नहीं तो हम उसे उतारकर वहां तिरंगा झंडा लहराएंगे। इस चेतावनी के कुछ देर बाद ही नगर पालिका ने चौक से भगवा झंडा हटा लिया। पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि केसरिया झंडा लगाओ, लेकिन मंदिर पर लगाओ। राघौगढ़ किले पर आज भी



केसरिया झंडा लगा है, जाकर देख लो, लेकिन भारत माता के पास तो तिरंगा झंडा ही लगा रहना चाहिए। अभी प्रतिमा पर छोटा सा तिरंगा झंडा लगाया हुआ है। वहां लगा बड़ा तिरंगा ध्वज क्यों हटाया गया? उन्होंने कहा कि कलेक्टर 24 दिसंबर तक केसरिया झंडे को उतारकर तिरंगा लगा दें,




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना लार्डगंज में विनोद केवट उम्र 55 वर्ष निवासी सब्जी मंडी पड़ाव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह चाय की दुकान चलाता है आज सुबह 6 बजे अपनी पत्नि निर्मला सोनी के साथ अपनी दुकान आगा चौक पहुंचा जहां पर पिल्लू बेन उसका रास्ता रोककर बोला की तू मुझसे चाय के पैसा मांगता है तू नहीं जानता है कि मुझसे कोई भी किसी भी चीज का पैसा नही लेता है मैं गुण्डा हूँ गाली गलोज करते हुये बोला की आज तुझे जान से खतम कर दूंगा फिर अपने पास में रखा हुआ चाकू निकाल कर उसे जान से मारने की नियत से उस पर हमला कर दिया वह पलट गया तो चाकू

आज NSUI प्रभारी अचल नाथ के नेतृव में पात्रता पर्ची जारी करने में लापरवाही एवं अवैध वसूली के विरुद्ध शिकायत।

# पात्रता पर्ची जारी करने में लापरवाही-अचल नाथ





## ज़रूरत मंद हो रहे राशन से वंचित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिले के नगर निगम के संभागीय कार्यालय एवं खाद्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा पात्रता पर्ची जारी करने की प्रक्रिया में जानबूझकर लापरवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त, संबंधित कर्मचारियों द्वारा पात्र नागरिकों से अवैध रूप से धनराशि की मांग की जा रही है, जो कि पूरी तरह से अनुचित और गैरकानूनी है।पात्रता पर्ची जारी करने में जानबूझकर देरी की जा रही है।बिना किसी वैध कारण के फाइलें लंबित रखी जा रही हैं। पात्र व्यक्तियों से अवैध वसूली की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी है।अचल नाथ ने कहा हमारी मांगें इस मुद्दे की गंभीरता से जांच की जाए।दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।पात्रता पर्ची जारी करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए।ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एक निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो हमें मजबूरन बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।कार्यक्रम में उपस्थित अचल नाथ,जोहान,आभा पटेल,रुबीना ख़ान,कविता गुप्ता,अंजुम आरा,मालती यादव ,सविता खटीक, प्रेमा चौधरी, कविता गुप्ता,रोशनी आरा,बबली कुशवाहा,शगुन राजपूत,सरस्वती चौधरी,नीलू सोनी,शीला कोरी, सरिता, आनंद, प्रशांत,राजेश शर्मा,प्रियांशु आदि उपस्थित थे॥

# अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है। जब तक इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद ही पार कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई. इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिब(ता याद दिलाई. समता, समानता और न्याय के डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई. सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की. यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी।

अमित शाह ने कहा कि ''अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।''

आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया था. लेकिन बीजेपी ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है. लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप- प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है. लेकिन मोदी सरकार डॉ. अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है. उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी। यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया. बीजेपी ने षड्यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई।

बीजेपी और उसकी मातृसंस्था हमेशा से डॉ. आंबेडकर और संविधान विरोधी रही है। इन्होंने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया, बल्कि इससे पहले डा. आंबेडकर को चुनाव हरवाया था। कांग्रेस डॉ. आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। इसी मांग को लेकर कल दिनांक 24.12.2024 को शाम 4.00 बजे अम्बेडकर चौक में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष अम्बेडकर चौक समुची कांग्रेस पार्टी संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेगी।



# शहीदी दिवस पर हुआ अमृत रस कीर्तन दरबार, गतका और क्विज़

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हिमाचल प्रदेश की दिव्य शांति की घाटी के रूप में प्रसिद्ध ऐतिहासिक गुरुद्वारा बड़ूसाहब अकाल अकादमी के कीर्तनी जत्थे द्वारा आज गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार गोरखपुर में अमृत रस कीर्तन पेश किया गया ?। इसके साथ ही ढाड्डी जत्थे ने जोशीले वारां गायन के साथ युद्ध के जीवंत नजारे पेश कर साध संगत को रसासिक्त किया । गुरुवाणी गायन के दौरान सुर ताल और लय का अनूठा संगम देखने को मिला । जिसे देख सुन कर साध संगत निहाल हो गई ।

इस मौके पर पंथिक सेवाओं हेतु प्रधान साहब सरदार राजिंदर सिंह छाबड़ा, महासचिव मनप्रीत सिंह आहूजा एवं बी एस जस्सल को सिरोपा प्रदान कर आशीर्वाद स्वरुप सम्मानित किया गया । चार साहिबजादों की शहादत को समर्पित शहीदी सप्ताह के दौरान गुरुद्वारा गोरखपुर के साथ ही गुरुद्वारा ग्वारीघाट प्रेम नगर मदन महल श्री गुरु ग्रंथ साहिब भवन हाथीताल रांझी सहित अनेक स्थानों पर कीर्तन दरबार एवं गुरु का लंगर आदि का आयोजन किया जा रहा है । दूसरी तरफ नारी शक्ति द्वारा नगर के समस्त स्त्री सत्संग सभाओं द्वारा गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार गोरखपुर में सामूहिक तौर पर गुरु स्तुति एवं साहबजादों की पावन याद में समागम लगातार किए जा रहे हैं । 28 एवं 29 दिसंबर को अधारताल सभा के नेतृत्व में गुरुद्वारा प्रेमनगर में सिख समाज द्वारा सामूहिक तौर पर शहीदी दिवस का आयोजन किया जा रहा है ।

इसी दिन यहां से नगर कीर्तन भी निकाला जाएगा जो कि गुरुद्वारा सदर में समाप्त होगा । शहीदी सप्ताह के तहत गुरुद्वारा ग्वारीघाट में मार्शल आर्ट गतकां प्रदर्शन , शुद्ध गुरुवाणी पाठ, पेंटिंग ड्राइंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में शामिल बच्चों ने अपने हुनर का नायाब नमूना पेश कर वाहवाही लूटी। प्रधान गुलजीत सिंह साहनी ने आभार प्रकट किया, तदोपरांत कड़ाह प्रसाद एवं गुरु का लंगर दिनभर वितरित किया गया।

# बासमती धान उत्पादक किसानों की चिंता करे सरकार-भारतीय किसान संघ

जिले का बासमती धान उत्पादक किसान दाम न मिलने से परेशान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के सभी जिलों में बासमती धान उत्पादक किसानों की संख्या तेजी से बढ़ी है। पिछली राज्य सरकार के कार्यकाल में बासमती चावल के बंपर निर्यात होने से किसानों को बासमती धान के अच्छे बाजार भाव मिले थे। इस वर्ष भी किसानों ने बासमती धान का रकबा बढ़ाते हुए बंपर उत्पादन किया है लेकिन बाजार में मिल रहे भावों से किसान की लागत तक नहीं निकल रही है। देश के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ ने मांग करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार को बासमती धान उत्पादक किसानों की चिंता करते हुए उन्हें उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके इस हेतु राज्य सरकार को प्रयास कर उचित कदम उठाने चाहिए।

**औने पौने दामों पर बिक रही बासमती धान**

पाटन के बासमती धान उत्पादक किसान सुनील पटेल ने बताया कि कृषि विभाग व सरकार के प्रोत्साहन के बाद किसानों ने जबलपुर जिले में इस वर्ष बासमती धान का बंपर उत्पादन किया है। लेकिन दाम न मिलने के कारण बासमती उत्पादक किसानों के हाल बेहाल है। बासमती धान को पैदा करने में किसानों को लागत व श्रम अधिक लगने के बाद प्रति एकड़ बारह क्विंटल उत्पादन होता है। जबकि मोटी धान का उत्पादन प्रति एकड़ 22 से 25 क्विंटल है। बासमती धान पैदा करने वाले किसान बाजार भाव से ठगा महसूस कर रहे हैं। सरकार व प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**जीआई टैग न होने से बासमती धान के दाम नहीं**

किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल का कहना है कि मध्यप्रदेश में बासमती चावल को जीआई टैग न मिलने के कारण यहां के बासमती धान उत्पादक किसानों को अच्छे दाम नहीं मिल रहे हैं। आज मध्यप्रदेश में बासमती धान का औसत विक्रय मूल्य 2960 रूपये प्रति क्विंटल है। यही धान पिछले वर्ष 4550 रुपए प्रति क्विंटल बिकी थी। बासमती धान उत्पादक किसानों की चिंता न सरकार को है न प्रशासन को। वहीं जिन राज्यों में बासमती जीआई टैग मिला हुआ है वहां के किसानों को बेहतर दाम मिल रहे हैं।

**बासमती धान की मध्यप्रदेश से निर्यात की स्थिति**

वर्ष 2015 से वर्ष 2023 तक के आंकड़ों में तो मध्यप्रदेश से 12,706 करोड़ रुपये का चावल निर्यात हुआ है। लेकिन पिछले वर्ष 2023 में ही अकेले सबसे ज्यादा 3,634 करोड़ रुपये का चावल निर्यात हुआ। जिससे किसानों को उम्मीद जगी थी कि इस वर्ष भी उन्हें अच्छा दाम मिलेंगे लेकिन वर्तमान में बासमती धान के गिरे हुए दामों से किसान चिंतित हैं।

महाप्रबंधक ने रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी बधाई -पश्चिम मध्य रेल के दो हीरोज भी हुए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित

# 69वें रेलवे वार्षिक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में रेलमंत्री ने महाप्रबंधक को लेखा एवं वित्त प्रबंधन तथा कार्मिक प्रबंधन की शील्ड देकर किया सम्मानित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे बोर्ड स्तर पर भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में 21 दिसंबर को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में लेखा एवं वित्त प्रबंधन और कार्मिक प्रबंधन शील्ड पश्चिम मध्य रेल को प्रदान की गई है। रेलवे बोर्ड स्तर की दक्षता शील्ड माननीय रेलमंत्री जी द्वारा पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय को प्रदान की गई। वित्त एवं लेखा विभाग और कार्मिक विभाग द्वारा वर्ष भर किये गये उत्कृष्ट कार्यों के चलते यह शील्ड पश्चिम मध्य रेलवे को हासिल हुई है। इसके अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेल के एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी को भी व्यक्तिगत रूप से अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है द्ब

सोमवार 23 दिसंबर 2025 को पमरे मुख्यालय में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने लेखा एवं वित्त प्रबंधन और कार्मिक प्रबंधन शील्ड प्राप्त होने की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों सहित सभी रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। जीएम ने रेल मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई शील्डो की उपलब्धि पर विशेष रूप दोनों विभगों के सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों के साथ अन्य सभी विभागों के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की भी सराहना की और आगे भी इसी तरह अन्य विभागों को मिलजुल कर लगन एवं एकजुटता के साथ और बेहतर कार्य करते हुए पश्चिम मध्य रेल को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाते हुए नए आयाम स्थापित करेंगे।

लेखा एवं वित्त प्रबंधन और कार्मिक प्रबंधन शील्ड ≈ रेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर कार्य निष्पादन के आधार पर संपूर्ण भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनल रेलवे के साथ साथ वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेल अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आंकलन के आधार पर पश्चिम मध्य रेल को लेखा एवं वित्त प्रबंधन और कार्मिक प्रबंधन शील्ड प्रदान की गई है द्ब माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय को राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में दक्षता शील्ड प्रदान की।

अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार ≈ इसके अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल में वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर (तुगलकाबाद) के पद पर कार्य करते हुए श्री वांछित खरे द्वारा 41 लोकोमोटिव में लोको कवच प्रणाली को इंस्टाल करने एवं अन्य उत्कृष्ट कार्यों के चलते अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया द्ब इसी प्रकार जबलपुर मंडल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर श्री दानिश शहाब को भी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री दानिश ने आरसीसी स्काडा को बेहतर बनाने के लिए किए गए कार्य जैसे रिले और कम्यूनिकेशन मॉनिटर हेतु इंटरफेस डाटा को डेवलप करने, डाटालॉगर की सहायता से पॉवर सप्लाई को आईसीसी से मॉनिटर करने, आरसीसी सप्लाई के लिए ऑटोमेटिक यूपीएस चेंज ओवर फैसिलिटी को डेवलप करने आदि कार्यों के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# भाजपा विधि संयोजक का मनाया जन्म दिन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भाजपा कानून एवं विधिक कार्य विभाग के जिला संयोजक एवं रांझी तहसील अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष जगदीश प्रकाश टीटू का जिला न्यायालय परिसर में जन्म दिन मनाया गया इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, बृजेंद्र सिंह बघेल, गोपाल शर्मा, दीपेंद्र मिश्रा, अमित जैन, आशीष त्रिवेदी, प्रशांत अवस्थी, रविन्द्र दत्त, बी आर गोहिल, अजीत कुमार दुबे, प्रशांत तिवारी, प्रवेश कोल्हेकर, सर्वेश त्रिपाठी, संतोष जोशी, परविंदर सिंह लांबा, संदल बाजपेई, हेमलता क्षत्रिय, सुनीता सूद, कनिका जैन, अमन जैन सहित बड़ी संख्या में उपस्थित ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया।



# महिला शक्तिकरण की प्रतीक रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा का एनएसयूआई ने किया शुद्धिकरण कुलगुरु के अशोभनीय आचरण से लगे धब्बे को प्रतीकात्मक रूप से शुद्ध कर, दर्ज कराया विरोध कुलगुरु से तत्काल इस्तीफे की मांग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जो महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के उच्चतम आदर्शों का प्रतीक है, आज वहां के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के कृत्यों के कारण कलंकित हो रहा है। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम के नेतृत्व में आज विश्वविद्यालय परिसर में स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा का दूध और जल से अभिषेक किया गया। यह अभिषेक विश्वविद्यालय पर लगे कलंक को धोने और शिक्षा की पवित्रता को पुनर्स्थापित करने का प्रतीक है। जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि छात्रों ने कुलगुरु कार्यालय के शुद्धिकरण का भी प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने कुलगुरु के इशारे पर छात्रों को कार्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया। इसके विरोध में, छात्रों ने कुलगुरु कार्यालय के बाहर ही नर्मदा जल चढ़ाकर प्रतीकात्मक शुद्धिकरण किया और कुलगुरु के वाहन पर भी विरोध स्वरूप जल अर्पित किया।

भारत की संस्कृति में महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। जहां यह कहा गया है, यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:, वहीं आज रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कुलगुरु के कृत्य महिला सम्मान और समाज की नैतिकता पर गहरा आघात हैं। यह केवल एक महिला अधिकारी का मामला नहीं है; यह हर उस महिला का सवाल है, जो अपने कर्तव्यों का सम्मानपूर्वक निर्वाह करना चाहती है। यह शुद्धिकरण अभियान कुलगुरु की अवैध और नियम विरुद्ध नियुक्ति, और उनके खिलाफ महिला अधिकारी द्वारा लगाए गए अशोभनीय और आपत्तिजनक आचरण के गंभीर आरोपों के विरोध में किया गया।

कुलगुरु पर गंभीर आरोप

कुलगुरु पर उनके अधीनस्थ महिला अधिकारी ने अभद्र इशारे और दुर्व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। यह घटनाएं न केवल अमर्यादित हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की गरिमा और शिक्षा व्यवस्था की नैतिकता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। जब विश्वविद्यालय का सबसे उच्च पदस्थ व्यक्ति ही ऐसा आचरण करे, तो छात्रों और कर्मचारियों के मन में सुरक्षा और विश्वास की भावना कैसे बची रहेगी?

नियमों का उल्लंघन और अवैध नियुक्ति

प्रो. राजेश कुमार वर्मा की मूल नियुक्ति ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( न्नष्ट ) के नियमों का उल्लंघन करते हुए की गई थी। उनके पास प्राध्यापक पद के लिए आवश्यक अनुभव नहीं था, फिर भी उन्हें नियुक्त किया गया। यह न केवल शिक्षा व्यवस्था का मजाक है, बल्कि छात्रों और विश्वविद्यालय के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

एनएसयूआई की मांग≈

एनएसयूआई और छात्रों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और कुलगुरु को तत्काल उनके पद से बर्खास्त करने की मांग की है। यह आवश्यक है कि≈

1. कुलगुरु के खिलाफ लगे आरोपों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच हो। 2. उनकी अवैध नियुक्ति की गहन जांच कर दोष सिद्ध होने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। 3. विश्वविद्यालय में योग्य, नैतिक और ईमानदार कुलगुरु की नियुक्ति की जाए। आज का शुद्धिकरण अभियान केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह शिक्षा और नैतिकता को बचाने का आह्वान है। छात्रों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे कुलगुरु की बर्खास्तगी तक शांत नहीं बैठेंगे। आज के प्रदर्शन मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम, संगठन प्रभारी साहिल यादव, मो अली,एजाज अंसारी,अनिल मिश्रा, अर्पित सोनकर, शुभम यादव पुष्पेन्द्र गौतम राखी राय, काजल चौधरी ,हिमांशु रजक, शोहील, रोहित, राहुल बघेल सहित भारी संख्या मे छात्र उपस्थित थे ।



भोपाल-ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने ज्येष्ठ भ्राता स्वर्गीय श्री देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ पाताली हनुमान से कांच मील तक ग्रीन कारीडोर बनाने के अभियान का शुभारंभ किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने स्वयं सड़क की धूल, मिट्टी तथा कचरा साफ करने के साथ पेड़ों पर जमी धूल भी साफ की






प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भागीरथ पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी का स्वप्न खजुराहो में होगा साकार

# केन-बेतवा लिंक परियोजना से हर खेत तक पहुँचेगा पानी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**25 दिसम्बर को बनेगा नदी जोड़ो परियोजना का नया इतिहास प्रतिवर्ष एक अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा निवाड़ी जिले का गौरव दिवस**

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भागीरथ हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिये 2 बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाएँ सौगात के रूप में दी हैं। इन परियोजनाओं से हर खेत को पानी और हर व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के संकल्प को पूरा करने छतरपुर जिले के खजुराहो आ रहे हैं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिये मैं निवाड़ी जिले के सभी नागरिकों को आमंत्रित करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को निवाड़ी में जन-कल्याण पर्व अंतर्गत आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखण्ड के हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति के साथ अब कृषि कार्य, उद्योग और पेयजल के लिए भरपूर पानी भी उपलब्ध होगा। देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना से निवाड़ी के साथ संपूर्ण बुन्देलखण्ड का चहुँमुखी विकास भी संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिवर्ष एक अक्टूबर को धूमधाम के साथ निवाड़ी जिले के स्थापना दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़-माँ के नाम'' पौधरोपण किया और राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर केन्द्रित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना से निवाड़ी जिले के हर खेत में पानी और हर घर तक पेयजल की सुविधा मिलने के साथ पलायन भी रूकेगा और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनेगा। उन्होंने रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे, मोती मानस चून'' दोहा के माध्यम से पानी का महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खेत को पानी मिलने पर अमृत रूपी फसल की पैदावार सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना के साकार रूप लेने पर बुन्देलखण्ड की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगी। खेती का स्तर समृद्ध होने से किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। पंजाब, हरियाणा से भी फसल उत्पादन में बुन्देलखण्ड आगे होगा। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि किसान किसी भी जरूरत पर अपनी खेती की जमीन न बेचें। केन-बेतवा परियोजना से पूरे बुंदेलखण्ड क्षेत्र में कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसान समृद्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का एक वर्ष पूरे होने पर 11 से 26 दिसम्बर तक जन-कल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसकी शुरूआत गीता जयंती से की गई। भोपाल में 5 हजार से अधिक आचार्यों और बटुकों द्वारा गीता का सामूहिक पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। इसी प्रकार अन्य जिलों में भी कार्यक्रम के माध्यम से पहली बार गीता जयंती का वृहद स्तर पर सफल आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद कर्म योग, भक्ति योग एवं ज्ञान योग की त्रिवेणी से जीवन के आनंद का अलग ही महत्व है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति की ओर अग्रसर है। केन-बेतवा परियोजना भी भागीरथी प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओरछा बुन्देलखण्ड की अयोध्या है। यहां रामराजा लोक बनने से धार्मिक पर्यटन बढ़ने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी की सकारात्मक सोच एवं सार्थक प्रयास की बदौलत इस वर्ष अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड शौर्य एवं पराक्रम की भूमि रही है। बुन्देलखण्ड कभी भी गुलाम अथवा दासता में नहीं रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों को साथ लेकर चलने वाली सरकार है। हमने जरूरतमंदों को उपचार के लिये हेलीकॉप्टर एवं एयर एम्बुलेंस की सेवा शुरू की हैं। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिये दुग्ध-उत्पादकों को बोनस भी दिया जायेगा, इससे किसानों की आय बढ़ेगी। वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि हर हाथ को काम मिले, इसके लिये हमने औद्योगिकीकरण का अभियान चलाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रभारी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा एवं स्थानीय विधायक ने भगवान रामराजा की प्रतिमा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री द्वारा कन्या-पूजन एवं दीप-प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर हितलाभ वितरित किये। कार्यक्रम स्थल पर केन-बेतवा परियोजना से संबंधित बुन्देलखण्ड के विकास पर केन्द्रित वीडियो फिल्म भी दिखाई गई। विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन ने कहा कि किसानों को परियोजना के रूप में एक बहुत बड़ी सौगात मिली है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री शिशुपाल सिंह यादव, जन-प्रतिनिधि, संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में किसान एवं महिलाएँ उपस्थित रहीं।

विंध्य की उड़ान एवं विंध्य विस्तार सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को किया सम्मानित

# लक्ष्य व दिशा सही हो तो समस्त बांधाएं दूर हो जाती हैं-उप मुख्यमंत्री शुक्ल




भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य में विकास की अपार संभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य किये जा रहे हैं। लक्ष्य व दिशा सही हो तो बांधाएं अपने आप ही दूर हो जाती हैं। जन-प्रतिनिधियों का दायित्व है कि वह जनता को परिणाम दें। विन्ध्य में हरित, औद्योगिक व पर्यटन क्रांति से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। वह दिन दूर नहीं जब रीवा जिले की एक-एक इंच भूमि सिंचित होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नदी जोड़ो अभियान के सार्थक परिणाम सामने आयेंगे और प्रदेश में सम्पन्नता आयेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा कैम्पस के बलदेव सिंह सभागार में विन्ध्य की उड़ान एवं विन्ध्य विस्तार सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विन्ध्य की विभूतियों को शुभकामनाएँ दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्य मंत्री नगरीय विकास एवं आवास श्रीमती प्रतिमा बागरी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को शॉल-श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, विधायक मैहर श्री श्रीकांत चतुर्वेदी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संसाधनों के साथ विंध्य के नागरिकों का ज बा क्षेत्र को विकास के मार्ग में कर रहा अग्रसर~ मंत्री श्री पटेल

मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि विन्ध्य में जल, जंगल की उपलब्धता के साथ ही यहां के लोगों में जज्बा है। खनिज की प्रचुरता व परिवहन सुविधाओं से यह क्षेत्र विकास के मार्ग पर अग्रसर है। गंगाजी के निकट से जुड़े इस क्षेत्र में संसाधनों की कमी नहीं है। आने वाले समय में विन्ध्य देश में अपना अग्रणी स्थान रखेगा। उन्होंने कहा कि विकास सामर्थ्य को बढ़ाता है। युवा पीढ़ी को आने वाले खतरे से सचेत रहते हुए नशे से दूर रहना होगा तभी सुनहरे कल का उदय होगा।

उन्होंने रीवा व विन्ध्य क्षेत्र के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी। राज्य मंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि विन्ध्य तेजी से विकास के मार्ग पर अग्रसर है। विकास, अधोसंरचना निर्माण व अन्य क्षेत्रों में सरकार के सहयोग से विन्ध्य उड़ान भर रहा ह

## ई-कोर्ट की अवधारणा गांव-गांव तक पहुंचे, आमनागरिकों को ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ मिले-संजीव श्रीवास्तव

दतिया (आरएनएस)। सुशासन सप्ताह के अवसर पर आज जिला एवं सत्र न्यायालय दतिया मध्य प्रदेश के तत्वाधान में ग्राम पंचायत उनाव में ई-कोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव एवं जिला कलेक्टर संदीप कुमार माकिन द्वारा किया गया। इस अवसर पर ई-कोर्ट सर्विस के संबध में जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों को ई-कोर्ट सेवा की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा सरस्वती मां को दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद स्कूल छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, न्याययिक सेवा से जुड़े अधिकारियों, शिक्षकों और आम नागरिको को ई-कोर्ट सेवा केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट की अवधारना गांव-गांव तक पहुंचे। इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार हो। जिससे ज्यादा से ज्यादा आम नागरिक इस सेवा से लाभांवित हो सके। कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने कहा कि ई-कोर्ट जैसी अनूठी पहल जनता और न्यायालय की दूरी को कम करेगी। ऐसे ई-सेवा केन्द्र जिले की ग्राम पंचायतों में स्थापित किए गए है और किए जा रहे है। धीरे-धीरे ऐसी सुविधाऐं और बढ़ाई जाएगी। जिससे आम नागरिकों का जीवन सरल और सहज हो। घर बैठे-बैठे उन्होंने जानकारी कम समय में प्राप्त हो जाए। इसके उपरांत गणमान्य अतिथियों द्वारा संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेता बच्चों का पुरूस्कृत किया गया। गणमान्य अतिथियों को बालाजी की प्रतिमा स्वरूप भेंट दी गई। इसके बाद स्क्रीन प्ले के माध्यम से ई-कोर्ट सेवा किस प्रकार काम करेंगी। कैसे हम जानकारी प्राप्त कर सकते है, इसका महत्व बताया गया। किस प्रकार आम नागरिक बिना कोर्ट जाए घर बैठे न्यायालय के विभिन्न प्रकार के प्रकरणों, जजमेंट को देख सकेंगे, जानकारी ले सकते है बताया गया। अंत में स्कूल प्राचार्य द्वारा गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायधीश शशीकांता वैश्य, जिला जज उत्सव चतुर्वेदी, जिला जज सुदीप श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश वसूनिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष पांडे, न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति कुवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाप्निल वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश भार्गव, प्रभारी अपर कलेक्टर नीरज शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा उपस्थित रहे।

## क्या भोपाल जब्ती कांड की होगी सीबीआई ईडी जांच-इंजी नवीन कुमार अग्रवाल

भोपाल (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी 2013 से निरंतर परिवहन विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ संगर्ष कर रही है और चेक पोस्टों पर होने वाली अवैध वसूली के तथ्यात्मक साक्ष्य कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, प्रधानमंत्री,राष्ट्रपति तक प्रेषित किये थे और 2015 में नायगाव चेकपोस्ट पर हो रही अवैध वसूली के खिलाफ छापामार करवाई करने पर तत्कालीन ईमानदार कलेक्टर नंदकुमारम एवं पुलिस अधीक्षक तरुण नायक का चेकपॉट पर छापामार कार्यवाही कर अवैध वसूली का भंडाफेड़ करने पर रातो रात ट्रांसफर कर दिया था और संगर्ष करने वाले आम आदमी पार्टी के 8 साथियो को 12 दिन जेल में रहना पड़ा था। आम आदमी पार्टी ने इसकी सीबीआइ जाँच की मांग कर प्रदेश में प्रतिदिन हो रही 40 करोड़ रूपये की अवैध वसूली के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित किये थे, लेकिन उच्च राजनैतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण के कारन उस पर कार्यवाही नहीं हुई। इससे आप अंदाजा लगा सकते है की एक वर्ष में 14400 करोड़ रूपये की अवैध वसूली प्रदेश में होती थी तो भाजपा के पिछले 20 वर्षो के शासन में कितनी अवैध सम्पति परिवहन विभाग के अधिकारियो कर्मचारियों एवं विभाग से जुड़े परिवहन मंत्रियो के पास होंगी इसकी निष्पक्ष जाँच होना चाहिए। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा की भोपाल इंदौर और ग्वालियर में बिल्डरों के ऊपर लोकायुक्त एवं आयकर की छापेमारी में करोड़ो रूपये की अकूत सम्पति जब्त हुई है

# मध्यप्रदेश में 20 साल में परिवहन विभाग में 15 हजार करोड़ का घपला, कांग्रेस कोर्ट जाएगी - जीतू पटवारी



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के पास करोडों रुपये की संपत्ति मिलने के बाद कांग्रेस हमलावर है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है कि बीते 20 साल में परिवहन विभाग में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक का घपला हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सीबीआई या सेवा निवृत्त न्यायाधीश से जांच की मांग को लेकर कांग्रेस उच्च न्यायालय जाएगी।

कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि परिवहन विभाग के एक पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के यहां करोड़ों की संपत्ति मिली। फिर एक कार में 52 किलोग्राम सोना तथा 10 करोड़ रुपये नकद मिले हैं। लोकायुक्त और आयकर की कार्रवाई से दो दिन पहले सौरभ दुबई चला जाता है। इसका आशय साफ है कि उसे जांच एजेंसी से ही छापे की सूचना मिली होगी।

जीतू पटवारी का कहना है कि जब एक आरक्षक के यहां करोड़ों की संपत्ति मिल सकती है तो परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव तथा मंत्री के पास कितनी संपत्ति होगी। इन लोगों ने राज्य में बड़ा भ्रष्टाचार किया है। बीते 20 साल में राज्य में 15 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला हुआ है।

पटवारी ने एक अधिकारी के जरिए मिली जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि राज्य में हर माह 30 से 35 करोड़ की विभिन्न नाकों से परिवहन विभाग वसूली करता है। इस तरह साल में चार से पांच सौ करोड़ और 20 साल में 15 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। इस पूरे मामले की सीबीआई या सेवा निवृत्त न्यायाधीश से जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले की जांच के लिए उच्च न्यायालय जाएगी।

पटवारी ने राज्य द्वारा लिए जा रहे कर्ज पर भी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्ची की सरकार है जो बहुत महंगी पड़ रही है। हर रोज कई लाख रुपये हेलिकॉप्टर पर खर्च किए जा रहे हैं। राज्य सरकार अपनी राजनीतिक अय्याशी के लिए कर्ज ले रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने जल संसाधन विभाग में भी बड़े पैमाने पर घोटाले होने का आरोप लगाया है और कहा है कि बगैर किसी कमीशन के ठेका ही नहीं मिलता है।

## बिजली कंपनी का जेई 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

मैहर।(आरएनएस)। मैहर में लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को रिश्वतखोरी की दो मामले में कार्रवाई की। टीम ने ताला में पदस्थ बिजली कंपनी के प्रभारी जेई राकेश पटेल को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया है। इंजीनियर ने शिकातकर्ता से रिकवरी केस को रफा-दफा करने की एवज में 65 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।लोकायुक्त पुलिस रीवा की टीम ने सुबह करीब 11.30 बजे बिजली कंपनी के प्रभारी जेई को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। ताला निवासी सुशील कुशवाहा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रभारी जेई (जूनियर इंजीनियर) राकेश पटेल ने उसकी आटा चक्की में जबरन बिजली चोरी का केस बनाकर 2 लाख 90 हजार रुपए की रिकवरी निकाली। इसके बाद मामले को रफा-दफा करने के नाम पर 65 हजार रुपए मांगे थे। लोकायुक्त की टीम ने जांच में शिकायत को सही पाया। इसके बाद टीम मंगलवार को ताला बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंची और प्रभारी जेई राकेश पटेल को सुशील कुशवाहा से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी जेई के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जेई को पकड़ने के घंटे भर पहले लोकायुक्त पुलिस की टीम ने सुबह 10.30 बजे मैहर तहसील कार्यालय में पदस्थ आरआई पर भी कार्रवाई की।

## निगम के पुस्तकालयों में छात्रों/पाठकों की रूचि अनुसार पाठ्यक्रम आदि की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय ने निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, पेंशन शाखा तथा जनसंपर्क एवं पुस्तकालय विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निगमकर्मियों के नियमानुसार पदोन्नति सहित सेवा संबंधी अन्य प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए महापौर राय ने निगमकर्मियों के आश्रितों के अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों तथा पेंशन प्रकरणों को नियमानुसार शीघ्रता से निराकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर राय ने निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित पुस्तकालयों में छात्रों व पाठकों की रूचि अनुसार पाठ्यक्रम व अन्य प्रकार की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व पुस्तकालयों का रेनोवेशन कार्य एवं अन्य आवश्यक संसाधन शीघ्रता से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त वरूण अवस्थी, महापौर परिषद की सदस्या सुषमा बावीसा, प्रभारी उपायुक्त चंचलेश गिरहरे सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

महापौर मालती राय ने गुरूवार को आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, पेंशन शाखा तथा जनसंपर्क एवं पुस्तकालय शाखा के कामकाज की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान महापौर राय ने निगम कर्मचारियों की पदोन्नति, अनुकंपा व पेंशन आदि के प्रकरणों एवं इनके निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। महापौर राय ने निगम द्वारा संचालित पुस्तकालयों में पाठकों, पुस्तकों आदि की संख्या के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

महापौर मालती राय ने सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों के नियमानुसार पदोन्नति के प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत कर निगमकर्मियों को पदोन्नति का लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। राय ने असमय निगम परिवार से बिछड़ने वाले सदस्यों के आश्रितों को पात्रता अनुसार अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों को यथा शीघ्र निराकृत कर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की कार्यवाही करने तथा निगमकर्मियों के पेंशन के प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश दिए। महापौर राय ने पेंशन प्रकरणों के संबंध में निर्देशित किया कि यदि आवश्यक हो तो पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु एक समिति भी गठित की जाए।

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव जनवरी-2025 में मनाया जायेगा-मंत्री सारंग



भोपाल-(आरएनएस)खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव जनवरी-2025 में मनाया जायेगा। इसमें विभिन्न विधाओं में युवा प्रदर्शन कर सकेंगे। मंत्री श्री सारंग ने राज्य स्तरीय युवा उत्सव मनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विभिन्न सातों विधाओं में हमारे युवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बेहतर तैयारी की जाये। युवा उत्सव में भाषण, विज्ञान मेला, कविता लेखन, कहानी लेखन, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य और पेंटिंग सहित 7 विधाएं शामिल है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जाये। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को भी आमंत्रित किया जाये। साथ ही सभी विधाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये युवाओं को प्रोत्साहित किया जाये।

मंत्री श्री सारंग को बताया गया कि सातों विधाओं के युवा राष्ट्रीय युवा उत्सव में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी के मध्य नई दिल्ली में 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिला स्तर पर 18 से 26 दिसम्बर तक चयन किया जा रहा है। संभाग स्तर पर 3 से 5 जनवरी तक उत्कृष्ट युवाओं का चयन होगा। राज्य स्तर पर 7 या 8 जनवरी को कार्यक्रम प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2025 के विजेताओं को समूह विधा में प्रथम आने पर 6 हजार, द्वितीय को 4 हजार और तृतीय को 2 हजार रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार एक विधा में प्रथम को 10 हजार द्वितीय को 6 हजार और तृतीय को 4 हजार रूपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी। बैठक में संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता, उप सचिव श्री संजय जैन, संयुक्त संचालक श्री बी.एल. यादव सहित अन्य खेल अधिकारी उपस्थित थे।



नया साल में कई ऐसे शुभ योग बन रहे हैं, जिससे कुछ राशियों के भाग्य चमक जाएंगे। ज्योतिष गणना के अनुसार नए साल में बुध ग्रह राशि परिवर्तन कर धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगा। बुध ग्रह बुद्धि और व्यापार के दाता हैं। बुध ग्रह का गोचर 4 राशियों के जातकों के व्यापार के लिए बहुत ही शुभ होने वाला है। यह उनकी किस्मत को पूरी तरह से बदल देगा। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि वह कौन सी 4 राशियां हैं,



## ऊंची महंगाई वास्तविक आय को प्रभावित कर रही

बैलेंस सीट को सुधारना अच्छी बात है। लेकिन मुनाफे और श्रमिकों की आय के बीच संतुलन भी बने रहना चाहिए। यह नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉर्पोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी।' सरकार के कर्ता-धर्ताओं को अहसास होने लगा है कि भारत की ग्रोथ स्टोरी' कहीं अटक गई है। वजह आबादी के बहुत बड़े वर्ग की उपभोग क्षमता में गिरावट है। नतीजतन मांग गिर गई है और उसका असर अब कॉरपोरेट सेक्टर पर भी पड़ रहा है। यह स्थिति बनी रही, तो जीडीपी की तीव्र वृद्धि दर के दावे को कायम रखना कठिन हो जाएगा। वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की ताजा चिंता का यही संदर्भ है। पिछले हफ्ते एसोचैम के एक आयोजन में उन्होंने कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आमदनी के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। कहा कि कॉरपोरेट का मुनाफा 15 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। लेकिन इससे हुई आमदनी के ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल कंपनियों ने ऋण चुकाने में किया है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे की तुलना में कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं बढ़ी है। नागेश्वरन ने कहा- बैलेंस सीट को बेहतर करना अच्छी बात है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आय वृद्धि के बीच संतुलन बने रहना चाहिए। यह अनुपात कायम नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉर्पोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी।' यह वो बात है, जिस पर अनेक विशेषज्ञ पहले से रोशनी डालते रहे हैं। पिछले कुछ समय से कंपनी अधिकारी और मार्केट एजेंसियां भी इस बात को दो-टूक से कहने लगी हैं कि देश में मध्य वर्ग ढह रहा है। इससे संबंधित ताजा रिपोर्ट मार्केट एजेंसी- कैंटार की आई है।

# संविधान निर्माता अम्बेडकर के अपमान पर मचे सियासी तूफान के पूंजीवादी एजेंडे को ऐसे समझिए

लीजिए, हमारे विपक्षी नेताओं को एक और अपमानजनक मुद्दा मिल गया, ताकि संसद की जनहितकारी कार्यवाही को बाधित कर दिया जाए और सड़क से संसद तक हंगामा खड़ा करके लोगों को गोलबंद किया जाए। इससे मिशन आम चुनाव 2029 की विपक्षी राह आसान हो जाएगी। बताया जाता है कि एक संसदीय चर्चा के दौरान संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह कह दिया है कि आजकल आंबेडकर का नाम लेना सियासी फैशन हो गया है। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों के लिए स्वर्ग मिल जाता।

बकौल शाह, आंबेडकर-आंबेडकर-आंबेडकर क्यों कह रहे हो? आप अगर भगवान-भगवान कहेंगे तो 7 पीढ़ियां आपकी स्वर्ग में जाएंगी। बस इसी बयान को लेकर प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी का विरोध करना शुरू कर दिया है।

इस प्रकार विभिन्न दलों के समर्थन-विरोध और बचाव की सियासत के बीच संसद में धक्कामुक्की तक की नौबत आई गई और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व उनके साथियों के विरुद्ध भाजपा नेताओं द्वारा एफआईआर तक दर्ज करवाना पड़ा। उधर, कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों के खिलाफ शिकायत दी है। इससे बिखरते इंडिया गठबंधन को थोड़ी सी राहत भी मिल गई, क्योंकि जो नेता राहुल गांधी का विरोध करते थे, वही अब उनकी भाषा पुनः बोलने लगे।

चूंकि फरवरी 2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव और नवम्बर 2025 में ही बिहार विधानसभा चुनाव की सियासी वैतरणी पार करनी होगी, तो मुद्दा चाहिए। इसलिए कांग्रेस ने मनमाफिक मुद्दा ढूंढ लिया। भाजपा ने अपनी नीतियों से मुसलमानों को उसके लिए बुक ही कर दिया है और भाजपा से दलितों को हड़पने के लिए वह संविधान बदलने से लेकर अम्बेडकर के अपमान तक के मुद्दे को हवा दे चुकी है। ऐसा इसलिए कि कांग्रेस का %दम समीकरण% दलित-मुस्लिम गठजोड़ मजबूत हो। बता दें कि इसी को मजबूत करते करते लोकजनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान और उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भाजपा की गोद में जा बैठे।

वहीं, दम समीकरण की दूसरी प्रबल पैरोकार समझी गईं बसपा नेत्री और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सियासी दुर्गति आपलोग देख ही रहे हैं, जिनपर भाजपा की बी टीम होने के आरोप लगते आए हैं। इसलिए इसी दम समीकरण पर अपना दावा मजबूत करते करते कांग्रेस क्या गुल खिलाएगी, अभी कहना जल्दबाजी होगी। क्योंकि इसी समीकरण ने लोकसभा चुनाव 2024 में उसे 10 वर्षों के सियासी दुर्दिन से मुक्ति दिलाई है। यह बात दीगर है कि कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष बनते ही उसकी सियासी सौतनों यानी इंडिया गठबंधन के साथी दलों की नींद उड़ चुकी है। इसलिए हरियाणा और महाराष्ट्र में दलितों के छिटकते ही विपक्षी आलोचना का केंद्रविन्दु बनी कांग्रेस ने अंबेडकर के अपमान को ऐसा तूल दिया और आक्रामक रणनीति अपनाई कि संसद में धक्कामुक्की कांड हो गया। इससे राहुल गांधी पुनः विपक्षी नेताओं के हीरो बनते प्रतीत हो रहे हैं।

अब उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस इस मुद्दे से ही दिल्ली और बिहार के विधानसभा चुनावों के बाद 2027 में उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव और फिर 2028 में मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों को जीतने की रणनीति बनाएगी। चूंकि इसी बीच कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, पश्चिम बंगाल आदि विधानसभाओं के भी चुनाव इलेक्शन कैलेंडर के मुताबिक होंगे, इसलिए कांग्रेस जातिगत जनगणना के बाद अंबेडकर के अपमान को भी मुख्य मुद्दा बनाएगी।

क्योंकि भाजपा भी इन्हीं दोनों मुद्दों पर कांग्रेस के ऊपर तार्किक सवाल उठाती आई है। राजनीतिक टिप्पणीकारों की बातों पर गौर करें तो राष्ट्रपति महात्मा गांधी, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी के हत्यारोपी हिंदूवादी नेता वीर सावरकर, और अब संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराम अम्बेडकर के ऊपर हुई सियासी टीका-टिप्पणी कोई नई बात नहीं है, बल्कि नई बात तो यह है कि गांधी-नेहरू का अपमान सहते रहने वाली कांग्रेस ने अम्बेडकर के अपमान को सियासी मुद्दा बनाकर एक तीर से दो शिकार कर रही है। पहला तो यह कि दलितवादी दलों और ओबीसी की राजनीति करने वाले दलों से वह मुद्दे लपक चुकी है और इसी को धार दे रही भाजपा को जन कठघरे में खड़ा करके अपना सियासी उल्लू सीधा करने की कवायद तेज कर चुकी है। अपने देखा होगा कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राममनोहर लोहिया, वीपी सिंह, लालूप्रसाद, मान्यवर कांशीराम, मायावती, रामविलास पासवान, लालकृष्ण आडवाणी, अटलबिहारी बाजपेयी आदि अनगिनत नेताओं के ऊपर सियासी टिपण्णी हुई, लेकिन बात का इतना बतंगड़ कभी नहीं बना।

## आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र

सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है।

## संसद की कार्य उत्पादकता का लगातार कम होना संसदीय प्रणाली को विफल कराने की साजिश है

संसद का शीतकालीन सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक दूसरे को अपनी अपनी ताकत दिखाने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। अडाणी मुद्दे को लेकर हंगामे के साथ शुरू हुआ संसद का सत्र अम्बेडकर मुद्दे पर हंगामे के साथ खत्म हुआ। सत्र के दौरान संविधान पर चर्चा जरूर हुई लेकिन संसदीय व्यवधान का नया रिकॉर्ड भी बना दिया गया। 20 दिनों के इस सत्र के रिपोर्ट कार्ड की बात करें तो आपको बता दें कि लोकसभा में कामकाज की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। लोकसभा इन 20 दिनों में चार विधेयक ही पारित कर पाई। राज्यसभा में तो 40.03 प्रतिशत ही कामकाज हो सका और पूरे सत्र में कुल दो विधेयक पारित हुए।

बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे। क्या ऐसे ही चलेगा हमारा संसदीय लोकतंत्र? क्या इसीलिए छह महीने पहले देश की 140 करोड़ जनता ने 543 प्रतिनिधियों को निर्वाचित करके भेजा था? हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन संसद का महत्वपूर्ण समय और देश का कीमती धन बर्बाद कर रहे हैं? संसद के सत्र के दौरान भले सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपने अपने राजनीतिक हित सध गये हों लेकिन देश की जनता का और संसद की छवि को तो नुकसान हो गया है। आखिर कैसे होगी इसकी भरपाई? देखा जाये तो वर्तमान संसद का पहला सत्र भी हंगामेदार रहा था। इससे पिछली लोकसभा के भी लगभग सभी सत्र हंगामेदार रहे थे। पिछले कुछ सत्रों की कार्य उत्पादकता पर गौर करें तो जो आंकड़े सामने आते हैं वह चिंताजनक स्थिति को दर्शाते हैं। सत्र की कार्य उत्पादकता का 45त्न, 35 प्रतिशत और 24 प्रतिशत के आसपास रहने से हमारी संसदीय प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हो रहे हैं। सदन में जो कामकाज होता है वो भी हंगामे के बीच होता है यानि शोरशराबे के बीच क्या नए कानून बन गए यह देश को पता ही नहीं चल पाता।

साथ ही संसद के कामकाज का प्रतिशत लगातार कम होते जाने से एक सवाल और खड़ा होता है कि कौन हैं वो लोग जो हमारी संसद को विफल दर्शाना चाहते हैं? कहीं हमारी संसदीय प्रणाली को विफल कराने के लिए कोई साजिश तो नहीं की जा रही है? विपक्ष लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ का आह्वान तो कर रहा है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश भारत में जनता के जनादेश पर निर्णय लेने वाला जो सर्वोच्च सदन है उसको चलने नहीं देता। देखा जाये तो अब बात सिर्फ संसद के कीमती समय, देश की उम्मीदों और सरकारी खजाने से धन की बर्बादी की ही नहीं है, बात अब यह भी है कि यदि संसद में भी जनता की आवाज नहीं सुनी जायेगी तो कहां सुनी जायेगी? वक्त आ गया है कि संसद में सदन के संचालन संबंधी नियमों को कठोर बनाया जाये? वक्त आ गया है कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वाले सदस्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायें?

## लाल किताब के उपाय भर देंगे आपकी तिजोरी, गुरुवार के दिन बस करना होगा ये काम

लाल किताब की सनातन धर्म में बहुत मान्यता है। यह पुस्तक वैदिक ज्योतिष शास्त्र पर आधारित है। इस पुस्तक की मदद से आप जीवन की हर समस्या का समाधान पता कर सकते हैं। आप आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो यह किताब इससे निजात दिलाने में असरदार साबित हो सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको ऐसे आसान उपाय बताएंगे, जिससे धन की समस्या दूर हो सकती है। घर में सुख-समृद्धि व माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आशीर्वाद पाने के लिए लाल किताब में एक उपाय है। इसमें आपको हर गुरुवार को घर या मंदिर में केले के पेड़ के नीचे घी का दीपक जलाना होगा। इसके अलावा आप गुरुवार के दिन ही गाय को आटे की लोई में चने की दाल, गुड़ और हल्दी मिलाकर खिला सकते हैं। इस उपाय से आपकी आर्थिक समस्याएं दूर हो जाएंगी। लाल किताब में बृहस्पति देव को खुश करने के उपाय लिखे हुए हैं। इसमें आपको हर गुरुवार के दिन '? बृं बृहस्पतये नमः!' मंत्र का जाप कर है। इस वैदिक मंत्र के जाप से आपकी हर समस्या दूर हो सकती है। आपको बृहस्पति देव का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उनकी पूजा के बाद गंध, अक्षत, पीले फूल व पीले रंग की मिठाई व पीले रंग का वस्त्र जरूर दान करें।

## अडानी पर आरोप डीप स्टेट की साजिश का प्रोपेगेंडा

हरिशंकर व्यास

भारत पूंजीवाद का नया इतिहास रच रहा है! भारत मानों गौतम अडानी का गिरवी हो गया है! यदि अडानी ग्रुप का कोई भी भंडा फूटे तो वह दुश्मन के %डीप स्टेट' की साजिश है!

उसकी बात करना, उस पर संसद में बहस चाहना विपक्ष का देशद्रोह है। भारत को अस्थिर बनाना है। सीधे प्रधानमंत्री पर हमला है! सत्ता और सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ साजिश है!

दुनिया की नंबर एक महाशक्ति अमेरिका के %डीप स्टेट' का भारत पर हमला है! इसलिए हम अमेरिका को एक्सपोज करेंगे। अमेरिका से लड़ेंगे।

विपक्ष की बोलती बंद करेंगे। विपक्ष, नेता विपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी और उस नेहरू-गांधी परिवार को देशद्रोही करार देंगे, जिसने देश को पचास साल चलाया।

यह परिवार अमेरिका, उसकी संस्थाओं, उसकी %डीप स्टेट' का पिट्ठू है। ये भारत के जगत सेठ गौतम अडानी के खिलाफ इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि इसने अमेरिका और दुनिया के खरबपति पूंजीपतियों को पछाड़ा है।

वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व-कृतित्व की उस इकलौती उपलब्धि, 140 करोड़ भारतवासियों की आन-बान-शान के विरोधी हैं, जबकि वह सवा सौ करोड़ भूखों के फ्री लंगर की शान है।

देश-दुनिया में मोदीजी की आन है, जिससे भारत सोने की चिड़िया बना है। दुनिया में, पूंजीवाद के इतिहास का ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जो अडानी का है।

इतिहास में नए पुराने जितने खरबपति-अरबपति हुए हैं उनमें आज तक ऐसा एक भी पूंजीपति नहीं हुआ है जिस पर गोलमाल के आरोप लगे और वह राष्ट्र का गौरव बने!

उसकी रक्षा के लिए राष्ट्र, सरकार, संसद सब कुरबान हो तथा विपक्ष या विरोधी भ्रष्टाचार का शोर करें तो ससंद में बहस न हो। उलटे विपक्ष को विदेश का पिट्ठू करार दिया जाए।

मीडिया खबरें न छापे। और अडानी के लिए सरकार, उसके चेहरे सब वैसी ही जनसंपर्क, लॉबी की भूमिका में हों जैसे कभी धीरूभाई अंबानी के लिए दिल्ली में बालू और टोनी किया करते थे।

अंबानी पर भी कई बार बवाल हुए। लेकिन मुझे ध्यान नहीं है कि इंदिरा गांधी, प्रणब मुखर्जी या किसी भी सरकार ने धीरूभाई अंबानी को भारत की आन-बान-शान करार दे कर उनके खिलाफ अमेरिका की %डीप स्टेट' या सीआईए की साजिश बताई हो।

## रुक्मिणी अष्टमी के दिन इस तरह से पूजा, जानें पूजन की सामग्री और इसका महत्व

हर साल पौष माह में आने वाली कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन रूक्मिणी अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। द्वापर युग में इसी दिन विदर्भ नरेश भीष्मक के यहां देवी रुक्मिणी का जन्म हुआ था। हिंदू धर्म में भगवान कृष्ण को काफी माना जाता है।

श्रीकृष्ण भगवान विष्णु के अवतार है और देवी रुक्मिणी माता लक्ष्मी की अवतार मानी जाती है, जो श्रीकृष्ण की मुख्य पत्नी है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, रुक्मिणी अष्टमी का दिन देवी रुक्मिणी को समर्पित है। इस दिन भगवान कृष्ण और देवी रुक्मिणी की पूजा करने से व्यक्ति को कई लाभ होते है। धन-ऐश्वर्य, सुख-शांति और संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है। आइए आपको बताते हैं, इस दिन देवी रुक्मिणी की पूजा कैसी की जाती है। इसके लिए आपको चाहिए लाल वस्त्र, इत्र, हल्दी, कुमकुम, दूध, दही, घी, शहद, तुलसी, मिश्री, घी का दीपक, कपूर, फूल, दीपक, अगरबत्ती और भोग आदि।

## जनसंख्या गिरावट पर मोहन भागवत की चिंता

बलबीर पुंज

संघ प्रमुख ने जिस आशंका को प्रकट किया हैं, उससे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय जनप्रतिनिधियों का एक समूह परिचित तो है, लेकिन अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण उसे जनविमर्श का हिस्सा बनाने से न सिर्फ बचता है, बल्कि उसे नया रंग देने का प्रयास भी करता है। आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर क्या हमें हकीकत को नहीं देखना चाहिए? क्या यह सच नहीं कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में हिंदुओं की जनसंख्या, मुस्लिमों के अनुपात में लगातार घट रही है?

बीते दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट पर अपनी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है तो वह समाज पृथ्वी से लुप्त हो जाता हैज् इस तरह अनेक भाषाएं और समाज नष्ट हो गए ज्जनसंख्या विज्ञान का कहना है कि हमें दो या तीन से अधिक बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। समाज को जीवित रखने के लिए संख्या महत्वपूर्ण है।

जैसे ही उनका विचार मीडिया की सुर्खियों में आया, वैसे ही स्वयंभू सेकुलरवादी और वामपंथी तिलमिला उठे। संघ प्रमुख ने जिस आशंका को प्रकट किया हैं, उससे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय जनप्रतिनिधियों का एक समूह परिचित तो है, लेकिन अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण उसे जनविमर्श का हिस्सा बनाने से न सिर्फ बचता है, बल्कि उसे नया रंग देने का प्रयास भी करता है।

आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर क्या हमें हकीकत को नहीं देखना चाहिए? क्या यह सच नहीं कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में हिंदुओं की जनसंख्या, मुस्लिमों के अनुपात में लगातार घट रही है? क्या मजहब का भारत की एकता-अखंडता और इस राष्ट्र के शाश्वत मूल्यों— बहुलतावाद, लोकतंत्र और सेकुलरवाद के साथ सीधा संबंध है या नहीं? देश में जहां-जहां आज हिंदू अल्पसंख्यक है, उनमें से अधिकतर क्षेत्र क्या अलगाववाद से ग्रस्त नहीं? संघ प्रमुख के विचार पर त्वरित कोई राय बनाने से पहले क्या इन सवालों के जवाब ईमानदारी से खोजने चाहिए। क्या यह सत्य नहीं कि ब्रिटिशकालीन भारत, जनसांख्यिकीय में आए परिवर्तन के कारण ही विभाजित हुआ था? इस त्रासदी में जिन दो मुल्कों— पाकिस्तान और बांग्लादेश का जन्म हुआ, वह घोषित रूप से इस्लामी है। अपने वैचारिक अधिष्ठान के अनुरूप इन दोनों ही देशों में हिंदू, बौद्ध और सिख आदि अल्पसंख्यकों के लिए न तो कोई स्थान है और न ही उनके मानबिंदु (मंदिर-गुरुद्वारा सहित) सुरक्षित। विडंबना है कि सिंधु नदी, जिसके तट पर हजारों वर्ष पूर्व ऋषि परंपरा से वेदों की रचना हुई— उस क्षेत्र में आज उनका नाम लेने का कोई नहीं बचा है। भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक %असुरक्षित' कौन है? विश्व के इस भूखंड में कुल मिलाकर 180 करोड़ लोग बसते है, जिसमें भारत 140 करोड़, पाकिस्तान 23 करोड़ और बांग्लादेश की आबादी 17 करोड़ है। 180 करोड़ में 112 करोड़ हिंदू है, जबकि मुस्लिम 62 करोड़ से अधिक मुस्लिम। विभाजन से पूर्व, इस भू-भाग की कुल आबादी में हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन अनुयायियों का अनुपात 75 प्रतिशत, तो मुस्लिम अनुपात 24 प्रतिशत था। स्वाधीनता से लेकर आज तीनों देशों में हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन घटकर 62 प्रतिशत रह गए है, जबकि मुस्लिम बढ़कर 34 प्रतिशत हो गए। आज हिंदुओं-सिखों-बौद्ध-जैन की जो वास्तविक संख्या 135 करोड़ या उससे अधिक होनी चाहिए थी, वह घटकर 112 करोड़ रह गई है। यक्ष प्रश्न है कि इस भूखंड से पिछले सात दशकों में 23 करोड़ हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन कहां गायब हो गए?

बात यदि खंडित भारत की करें, तो अरुणाचल प्रदेश में 2001 से 2011 के बीच हिंदुओं की जनसंख्या 5.56त्न तक घट गई है। वर्ष 1971 में इस प्रदेश की कुल जनसंख्या में ईसाई एक प्रतिशत भी नहीं थे, लेकिन वर्ष 2011 में वे 30त्न हो गए। इस दौरान बौद्ध अनुयायियों की संख्या भी घट गई है। असम में 2001 की जनगणनीय तुलना में हिंदू आबादी 2011 में लगभग तीन प्रतिशत घटी है। इस दौरान असम में हिंदू वृद्धि दर लगभग 11त्न, तो मुस्लिम आबादी 29त्न रही। प.बंगाल में भी हिंदुओं की वृद्धि दर तेजी से घट रही है। केरल में हिंदू जनसंख्या गत 100 वर्षों में 14 प्रतिशत घट चुकी है।

स्वतंत्रता से पहले नागालैंड और मिजोरम— दोनों आदिवासी बहुल क्षेत्र थे। दिलचस्प तथ्य है कि वर्ष 1941 में नागालैंड की कुल आबादी में जहां ईसाई लगभग शून्य थे, तो मिजोरम में ईसाई आबादी आधा प्रतिशत भी नहीं थी। परंतु वह एकाएक 1951 में बढ़कर क्रमश 46 और 90 प्रतिशत हो गए। 2011 की जनगणना के अनुसार, दोनों राज्यों की कुल जनसंख्या में ईसाई क्रमश 88 और 87 प्रतिशत है। मेघालय की भी यही स्थिति है। इसी जनसांख्यिकीय स्थिति के कारण इन राज्यों में चर्च का अत्याधिक प्रभाव है।

इसी वर्ष अगस्त-सितंबर में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अमेरिका में भाषण देते हुए तीन देशों के ईसाई-बहुल क्षेत्रों को शामिल करते हुए %ईसाई राज्य' के दृष्टिकोण को साझा किया था। यहां अनुमान लगाना आसान है कि लालदुहोमा— भारत, बांग्लादेश और म्यांमार की बात कर रहे थे। इस षडयंत्र का संकेत बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भी दे चुकी थी। यदि हिंदू बहुल भारत का एक तिहाई हिस्सा अगस्त 1947 में इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान बन गया, तो 21वीं सदी से पहले ईसाई बहुल सर्बिया का हिस्सा रहे मुस्लिम बहुल कोसोवो ने 2008 में स्वयं को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों में से 104 देशों ने कोसोवो को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता भी दी है। इसी तरह मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया का अंग रहे ईस्ट तिमोर (तिमोर लेस्ते) ने मई 2002 में स्वयं को अपनी ईसाई बाहुलता के कारण आजाद मुल्क घोषित कर दिया। यही स्थिति ईसाई बाहुल्य दक्षिणी सुडान की भी है, जिसने इस्लामी राष्ट्र सुडान से कटकर स्वयं के स्वतंत्र होने का ऐलान कर दिया। यह उदाहरण है कि कैसे मजहबी-सांस्कृतिक भिन्नता, किसी देश का विखंडन कर सकती है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे, अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, नए क्लाइंट के साथ मीटिंग होगी।

वृष राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज पैसो से रिलेटेड सारी परेशानियों का हल जल्दी ही निकल आयेगा। किसी खास रिश्तेदार के घर आगमन से खुशियों का माहौल बनेगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ देने वाला रहेगा। आज अपने बेटे के अच्छे करियर के लिए आपको अपना निवास स्थान चेंज करना पड़ सकता है।

कर्क राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस को दूर दराज़ तक फ़ैलाने के लिए आज आप अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे, जिससे बिजनेस को आगे बढ़ाने में आ रही परेशानियाँ दूर होंगी।

सिंह राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी नए बिजनेस में इन्वेस्ट करने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, जिससे परिवार से आपको सपोर्ट मिलेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन आपके फेवर में रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्बल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। आप अपने करियर में नया आयाम स्थापित करने में सफल रहेंगे। परिवार में चल रही अनबन को लेकर आप सबके साथ विचार विमर्श करेंगे,

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन लकी रहेगा। हाउसिंग प्रोजक्ट पर काम करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप नया वाहन लेने से पहले अपने परिवार वालों से विचार करेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

धनु राशि-आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आयेगा। बड़ी बेटी का सिलेक्शन किसी अच्छी जॉब में हो जाने पर घर में खुशियों का माहौल रहेगा। घर की सजावट के लिए आपको जिम्मेदारी दी जा सकती है।

मकर राशि-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज बिजनेस वर्ग के लोगों के लिए दिन शुभ हैं । धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं । साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा । जमीन से जुड़ा किसी प्रकार का मामला आज सुलझ जायेगा ।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है । आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी । आज आप दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे

मीन राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग आज कैंसिल हो सकती है। ००



राकांपा नेता छगन भुजबल को लेकर लगातार अटकलों का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि नई महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद नहीं मिलने से नाराज हैं। हालांकि, पूरे मामले को लेकर पार्टी प्रमुख अजित पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पवार ने कहा कि कभी-कभी नए लोगों को मौका देना पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने भुजबल का नाम लिए बिना कहा कि गलतफहमी पैदा करना... सही नहीं है। वह एक ऐसे समाधान का संकेत भी दे रहे थे जो भुजबल को संतुष्ट कर सकता है - जो पिछले साल राकांपा संस्थापक शरद पवार के खिलाफ विद्रोह में उनके साथ आने वाले 40 से अधिक विधायकों में से एक थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले से संत समाज उद्वेलित, केंद्र सरकार से की सख्त कदम उठाने की अपील

नई दिल्ली (आरएनएस)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले की जगतगुरु परमहंस आचार्य और संत दिवाकराचार्य महाराज ने निंदा की। उन्होंने अपील की कि भारत सरकार को हिंदुओं पर हो रहे हमले को रोकने की दिशा में यथाशीघ्र कदम उठाना चाहिए।

जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने अपने बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि कभी भारत का हिस्सा रहे पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है, निर्मम हत्या की जा रही है, उनको तड़पा कर मारा जा रहा है, हिंदुओं की दुकानों को लूटा जा रहा है, हिंदुओं के घरों को आग लगाई जा रही है और मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। उसे देखते हुए केंद्र सरकार को तुरंत कदम उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। केंद्र सरकार को बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। जिस तरह से हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं, हम उसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, केंद्र सरकार ने शेख हसीना को तो बचा लिया। लेकिन, सनातन धर्म का पालन कर रहे हिंदुओं को नहीं बचा पा रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। भारत में 5 करोड़ के लगभग घुसपैठिए बांग्लादेशी हैं। इनको तत्काल बाहर करें। अगर वहां हिंदुओं को मारा जा रहा है, तो यहां जो 5 करोड़ बांग्लादेशी हैं, उनके साथ ही ऐसा ही बर्ताव होना चाहिए। बांग्लादेश को कड़ा सबक सिखाने की जरूरत है।

उन्होंने आगे कहा, बांग्लादेश की शेख हसीना को तो हमने शरण दे दिया। लेकिन, जो लोग वहां मारे जा रहे हैं, उन्हें बचाने के लिए सरकार को कदम उठाना चाहिए।

संत दिवाकराचार्य ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर कहा, निरंतर बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के उत्पीड़न से मां भारती का सीना छलनी हो रहा है। प्रत्येक दिन हिंदू समाज पीड़ा की अनंत गहराइयों में डूबता जा रहा है। इस उत्पीड़न से हिंदू शोक और दुःख के समुद्र में डूबे हुए हैं। ऐसे में भारत सरकार से यह अपेक्षाएं हैं कि वह बांग्लादेश से अपने राजनीतिक संबंधों को समाप्त कर दे। बांग्लादेश से किए गए विदेश नीति के समझौतों को समाप्त कर, भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां हिंदू अल्पसंख्यक की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा, भारत को बांग्लादेश में लोकतंत्र और संविधान की पुनः स्थापना के लिए कदम उठाने चाहिए, ताकि वहां के हिंदू समाज को न्याय मिल सके। भारत सरकार को यह जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए और बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए उचित शासन व्यवस्था स्थापित करने में मदद करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जिम्मेदारी तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें दुनिया के एक प्रभावशाली वैश्विक नेता के रूप में देखा जाता है।

**राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर, क्राइम ब्रांच कर सकती है जांच**

नईदिल्ली (आरएनएस)। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 19 दिसंबर को सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच परिसर में धक्का-मुक्की हुई थी।इस दौरान भाजपा के 2 सांसद घायल हो गए थे, जिन्होंने धक्का-मुक्की का आरोप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर लगाया था और एफआईआर भी दर्ज करवाई थी।अब जानकारी सामने आ रही है कि राहुल के खिलाफ दर्ज हुआ यह मामला जांच के लिए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंपा जा सकता है।

19 दिसंबर की रात संसद मार्ग थाने में राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना), 131 (आपराधिक बल प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।दिल्ली पुलिस मामले के सिलसिले में पूछताछ के लिए राहुल को तलब कर सकती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुवैत पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया.



कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के सिरसा के तेजा खेड़ा गांव स्थित उनके फार्महाउस पर उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति की खबर को आप ने बताया गलत

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उपराज्यपाल द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की मीडिया में आई खबरों को पार्टी ने फर्जी और झूठी करार दिया है।

मीडिया में इस तरह की खबरें फैलाने की सूचना मिलने के बाद आप के मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसका खंडन किया। सबने ईडी को उपराज्यपाल (एलजी) के उस आदेश की कॉपी दिखने की चुनौती दी। साथ ही कहा कि यह सिर्फ बाबासाहेब अंबेडकर के अपमान के मुद्दे से दिल्ली के लोगों का ध्यान भटकाने और उन्हें गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि अगर एलजी विनय सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, तो ईडी उस मंजूरी की कॉपी क्यों नहीं दिखा रहा है? उन्होंने लिखा, यह साफ है कि यह खबर पूरी तरह झूठ और गुमराह करने वाली है। बाबासाहेब के अपमान के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए जुमलेबाजी बंद करो और दिखाओ ईडी को मुकदमा चलाने के लिए दी गई मंजूरी कहां है?

आप नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना ने किसी भी प्रकार की कोई मंजूरी मुकदमा चलाने के लिए नहीं दी है। अगर ईडी को मुकदमा चलाने के लिए पत्र मिला है तो उन्हें वह पत्र सार्वजनिक करना चाहिए। उसको छिपाकर क्या साबित करना चाहते हैं। यह एक बेबुनियाद झूठी खबर है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अगर एलजी साहब ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, तो ईडी को मंजूरी की कॉपी सार्वजनिक करने में क्या दिक्कत है? उन्होंने कहा, यह खबर सिर्फ लोगों को गुमराह करने और मुद्दों से भटकाने के लिए फैलाई जा रही है। भाजपा यह साजिश बंद करो। सच सामने लाओ।

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर लिखा, मैं हैरान हूं कि केंद्र सरकार के अंदर इतने बड़े-बड़े वकील हैं। एलजी खुद अपने-आप को समझदार आदमी बताते हैं। उन्हें यह बुनियादी जानकारी भी नहीं है कि किसी मंत्री या मुख्यमंत्री के ऊपर मुकदमा चलाने के लिए मुकदमे की स्वीकृति चाहिए। आज कह रहे हैं कि मुकदमे की स्वीकृति दी है। इसका मतलब है कि पिछले दो साल से टीवी के अंदर भाजपा सर्कस कर रही थी, वह सब झूठ था। यानि पहले मुकदमा चलाने की इजाजत ही नहीं थी। तो वह क्या ड्रामेबाजी चल रही थी। आज भी हमारी जानकारी है कि अब तक कोई मुकदमे की मंजूरी नहीं दी गई है। सिर्फ झूठ और राजनीतिक कारणों से यह सारा षड्यंत्र चलाया जा रहा है। यह बहुत शर्मनाक है। आप नेता जस्मीन शाह ने एक्स पर लिखा कि भाजपा, दिल्ली चुनाव में रो एक झूठी खबर फैलाने की कोशिश कर रही है। यी खबर पूरी तरह झूठी है कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी को अभियोजन की मंजूरी दी है।

## गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर बसपा ने किया 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन का ऐलान

लखनऊ (आरएनएस)। संसद में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के बयान के बाद शुरू हुई विपक्षी दलों की सियासत ने अब तेजी पकड़ ली है। इसे लेकर बसपा मुखिया मायावती ने अब आंदोलन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्मसम्मान व मानवीय हकूक के लिए अति-मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं। उनका अमित शाह द्वारा किया गया अनादर लोगों के दिलों को आहत पहुंचाता है। उन्होंने आगे लिखा कि ऐसे महापुरुष को लेकर संसद में इनके द्वारा कहे गए शब्दों से पूरे देश में सर्व समाज के लोग काफी उद्वेलित, आक्रोशित व आंदोलित हैं। अम्बेडकरवादी बीएसपी ने इस क्रम में उनसे बयान वापस लेने व पश्चाताप करने की मांग की है, जिसपर अभी तक भी अमल नहीं किया जा रहा है। मायावती ने कहा कि ऐसे में मांग न पूरी होने पर फिर पूरे देश में आवाज उठाने की बात बीएसपी द्वारा की गई।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के 120वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।

## एलजी ने दी ईडी को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने शराब नीति मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है। एलजी ने एक्साइज घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है। ईडी ने 21 मार्च को दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और मई में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट में, ईडी ने अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ मनीष सिसोदिया को एक्साइज शुल्क घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। एजेंसी ने कहा है कि केजरीवाल और सिसोदिया ने साउथ लॉबी की मदद के लिए एक्साइज ड्यूटी नीति 2021-22 में बदलाव किए, जिसने कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। 100 करोड़ रुपये की रिश्वत में से आप ने 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल गोवा विधानसभा चुनाव प्रचार में किया था। राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के लिए मुश्किल खड़ी करने वाले घटनाक्रम में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने ईडी को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने

# अटल सम्मान समारोह 2024 : समाज में उत्कृष्टता और योगदान का उत्सव

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में अटल फाउंडेशन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद में अटल सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज और देश के लिए विशेष योगदान दिया है। समारोह में 35 लोगों को अलग अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। समारोह में कई प्रमुख मेहमानों की उपस्थिति रही, जिनमें स. नारायण जाटिया, पूर्व राज्यसभा सांसद, डॉ. अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष, एलवीएफ, अविनाश राय खन्ना, सांसद और रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष, डॉ. आचार्य राजेश ओझा ज़ी महामंडलेश्वर, अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री श्याम जाजू ज़ी पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, जयपुर की संसद श्री मति मंजू शर्मा जी,उत्तर प्रदेश शामिल थे। इन प्रमुख व्यक्तियों ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।इस वर्ष अटल गौरव सम्मान 29 श्रेणियों में प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में पंकज मोर्या (पूर्वी उत्तर प्रदेश), जिन्हें पालक देखभाल में उनके प्रभावी कार्य के लिए सम्मानित किया गया, आयन सरकार (त्रिपुरा), जिन्होंने जैविक कृषि में नवाचार किया, मदनलाल (गुजरात), जिन्होंने रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया, और गौरव मित्तल (पश्चिमी उत्तर प्रदेश), जिनकी सामाजिक कार्यों में भूमिका सराहनीय रही। साथ ही, अटल इंटरनेशनल अवॉर्ड 11 श्रेणियों में प्रदान किया गया। इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले व्यक्तियों में डॉ. निशी भट्ट (यूके), जो मस्तिष्क आघात उपचार में विशेषज्ञ हैं, अस्वनी गुरुजी (रूस), जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संस्कृति और नृत्य में योगदान दिया,

## अहमदाबाद के साबरमती इलाके में पार्सल में विस्फोट, दो घायल, आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद (आरएनएस)। अहमदाबाद के साबरमती इलाके में पार्सल में विस्फोट से दो लोग घायल हो गए। शुरुआती पुलिस जांच में पता चला कि यह विस्फोट पारिवारिक झगड़े का नतीजा है। पार्सल पहुंचाने वाला व्यक्ति और रिसीव करने वाला इस घटना में घायल हुए हैं।आईपीएस नीरज कुमार बडगुजर ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान बताया कि साबरमती थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिव रो हाउस में सुबह करीब 10.45 बजे पार्सल में धमाका हो गया। गौरव गढ़वी, बलदेव सुखाड़िया के घर पार्सल देने के लिए आए थे। आरोपी गौरव गढ़वी ने जब पार्सल सौंपा तो प्राप्तकर्ता ने धुआं उठते देखा। पार्सल में विस्फोट हो गया, जिससे सुखाड़िया के भाई किरीट को चोटें आई हैं।

उन्होंने आगे बताया कि घटना में गौरव गढ़वी भी घायल हुआ है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। जांच के दौरान अन्य संदिग्धों के नाम सामने आए हैं और पुलिस उनकी तलाश जारी रखे हुए है। 00



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री योतिरादित्य सिंधिया और अन्य गणमान्य व्यक्ति अगरतला में पूर्वोत्तर परिषद के 72वें पूर्ण अधिवेशन के दौरान समूह फोटो के लिए पोज देते हुए.



कांग्रेस नेता सचिन पायलट जयपुर में राज्य सरकार के खिलाफ युवा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान बोलते हुए.

# हिमाचल प्रदेश : स्कूल बंद करने वाले मुद्दे को लेकर विपक्ष का सदन से वॉक आउट

धर्मशाला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को चौथे दिन विपक्ष ने सरकार के स्कूल बंद करने वाले मुद्दे पर वॉक आउट किया। मुख्यमंत्री चर्चा के दौरान बंद किए संस्थानों को ज़रूरत के अनुसार शुरू करने की बात कही। मुख्यमंत्री के उत्तर से असंतुष्ट विपक्ष ने वॉक आउट किया। उसका कहना था कि उसका मापदंड क्या है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस संबंध में कहा, आज प्रश्नकाल के दौरान सदस्य रणवीर शर्मा ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में संस्थान बंद करने, नए संस्थान खोलने और पुराने संस्थानों के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा था कि कांग्रेस सरकार ने जब से सत्ता संभाली है, तब से कितने संस्थानों को डिनोटिफाई किया गया है, कितने नए संस्थान खोले गए हैं और कितने संस्थानों को फिर से नोटिफाई किया गया है। इस प्रश्न के जवाब में पेश आंकड़े सही नहीं थे, क्योंकि उन्हें ठीक तरीके से प्रस्तुत नहीं किया गया था।

जयराम ठाकुर ने कहा, आज इस प्रश्न के माध्यम से हमें जो जानकारी मिली है, वह यह है कि हिमाचल प्रदेश में कुल 1865 संस्थानों को डिनोटिफाई किया गया है। इसके बाद सरकार ने 37 नए संस्थान खोले हैं और 103 संस्थानों को फिर से नोटिफाई किया है। यह आंकड़ा स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कांग्रेस सरकार ने कुछ संस्थानों को बंद किया है, जबकि कुछ नए संस्थान खोले भी हैं और कुछ पुराने संस्थानों को फिर से सक्रिय किया है।

उन्होंने कहा, जब यह जानकारी सदन में प्रस्तुत की गई, तो सवाल यह उठता है कि संस्थान बंद करने का पैरामीटर क्या है और नए संस्थान खोलने के लिए क्या मापदंड हैं। मुख्यमंत्री से बार-बार यह सवाल पूछा गया, लेकिन उनका जवाब था कि यह नीड बेस्ड है। यह जवाब सुनकर पहला सवाल यह उभरा कि हिमाचल प्रदेश में नीड बेस्ड की आवश्यकता का आकलन कब शुरू किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 दिसंबर को उन्होंने शपथ ली थी, और 12 दिसंबर को ही सभी संस्थान बंद करने का आदेश दे दिया था। इसका मतलब यह हुआ कि बिना कोई ठोस योजना या आकलन किए कांग्रेस सरकार ने 1 अप्रैल के बाद खोले गए सभी संस्थानों को बंद कर दिया था। इन संस्थानों के लिए बजट प्रावधान पहले से किया गया था, लेकिन फिर भी उन्हें बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि नीड बेस्ड आकलन का कोई ठोस आधार नहीं था,




बिग बॉस 18 से दिग्विजय राठी के मिड-वीक एविक्शन के बाद, घरवालों को एक और झटका लगा, जब डबल एलिमिनेशन हुआ। इसके चलते यामिनी मल्होत्रा ??और एडिन रोज को बाहर होना पड़ा। जहां यादातर घरवाले इस नतीजे से संतुष्ट दिखे, वहीं कशिश कपूर बेहद दुखी थीं। आंसुओं में डूबी हुई, उन्होंने उनके एलिमिनेशन पर सवाल उठाया, और तर्क दिया कि उनकी जगह ईशा या चाहत को बाहर किया जाना चाहिए था।

# सुरभि ज्योति की ने शेयर की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें, सिंपल साड़ी में एक्ट्रेस को देख यूजर्स ने दिए रिएक्शंस

टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति हाल ही में शादी के बंधन में बंधी है। इसी बीच लगातार वो अपनी खूबसूरत और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने भले ही थोड़े टाइम के लिए काम से ब्रेक ले रखा है, लेकिन आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बनाती है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।



टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ एन्जॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस भले ही कुछ दिनों से एक्टिंग इंडस्ट्री से दूर हैं, लेकिन आए दिन अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को ट्रीट देती रहती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस सुरभि ज्योति ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सुरभि ने लैवेंडर कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसके साथ उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- बेला की याद आ गई। दरअसल, सुरभि ज्योति ने नागिन शो किया था, जिसमें उन्होंने बेला का किरदार निभाया था। इसलिए आज भी लोग उन्हें बेला कहकर पुकारते हैं। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- कितनी सुंदर लग रही हैं आप। तीसरे यूजर ने लिखा है- यू आर लुकिंग सो ब्यूटिफुल। अन्य यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस।

### वनवास का नया गाना छबीली के नैना जारी, नाना पाटेकर ने खुद गाया

हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक अनिल शर्मा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म वनवास को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।इस फिल्म में उनके बेटे और अभिनेता उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर भी इस फिल्म अहम हिस्सा हैं। वनवास को आज 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।रिलीज से एक दिन पहले अब निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना छबीली के नैना जारी कर दिया है। खास बात यह है कि वनवास के नए गाने छबीली के नैना को पाटेकर ने खुद गाया है। शान, मोंटी शर्मा, गौरव चाटी और संचारी सेनगुप्ता ने भी इस गाने को अपनी आवाज दी है।वनवास में पाटेकर और उत्कर्ष के अलावा खुशबू सुंदर, राजपाल यादव, सिमरत कौर रंधावा, मनीष वाधवा और अश्विनी कालसेकर समेत कई और कलाकर भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

# टीवी एक्ट्रेस दीपिका ने शुरू की शूटिंग, जल्द ही साझा करेंगी क्या नया कर रही हैं?

दीपिका कक्कड़ टीवी सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए दर्शकों के बीच मशहूर हुई थी। इसके अलावा भी उन्होंने कई हिट टीवी सीरियल्स में काम किया। टीवी एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी के बाद वह अपनी फैमिली लाइफ में व्यस्त हो गई। उनका एक छोटा बेटा भी है, जिसकी परवरिश में वह अपना पूरा समय देती हैं। लेकिन टीवी सीरियल में काम ना करने के बावजूद भी वह लाइमलाइट में बनी रहती हैं।

दीपिका टीवी सीरियल में एक्टिव ना होने के बावजूद भी, दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए हुए हैं। दरअसल, वह अपना एक व्लॉग चैनल यूट्यूब पर चलाती हैं। इस चैनल का नाम 'दीपिका की दुनिया' है। इसमें वह अपने हर दिन का हाल दर्शकों के साथ साझा करती हैं। उनके इस चैनल पर लगभग 3 मिलियन फॉलोअर हैं।

हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आईं। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं।



दीपिका के यूट्यूब चैनल पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है लेकिन उन्हें अकसर ट्रोलिंग का शिकार भी होना पड़ता है। अकसर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम को उनके रहन-सहन और पहनावे को लेकर ट्रोल कर देते हैं। कई यूजर्स तो दीपिका को इसलिए भी ट्रोल करते हैं कि उन्होंने परिवार की देखभाल के लिए करियर से ब्रेक ले लिया है। इस ट्रोलिंग पर दीपिका भी चुप नहीं रहती हैं, वह बुरी बातें बोलने वाले लोगों को अपने व्लॉगिंग चैनल के जरिए ही मुंहतोड़ जवाब देती हैं।

### द रोशंस की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, 17 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर दिखेगी तीन पीढ़ियों की विरासत

ऋतिक रोशन, राकेश रोशन और राजेश रोशन जल्द ही एक बेहद खास प्रोजेक्ट में एक साथ नजर आने वाले हैं। कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स की बहुप्रतीक्षित डॉक्यूमेंट्री सीरीज द रोशंस की घोषणा की गई थी, जो रोशन परिवार की फिल्म इंडस्ट्री में कई पीढ़ियों की विरासत को दर्शाएगी। अब एक नए पोस्टर के साथ इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज की रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर द रोशंस का नया पोस्टर शेयर किया गया। इस पोस्टर में ऋतिक रोशन, राकेश रोशन और राजेश रोशन एक साथ बैठे हुए दिख रहे हैं, जबकि उनके पीछे दिवंगत रोशन लाल नागरथ की तस्वीर है। पोस्ट के कैप्शन में डॉक्यूमेंट्री सीरीज से क्या उम्मीद की जा सकती है, यह बताया गया है और रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, लाइट्स, कैमरा, फैमिली! संगीत, फिल्मों और एक ऐसे रिश्ते के माध्यम से द रोशंस की दुनिया में डूब जाइए जो विरासत को परिभाषित करता है। देखिए द रोशंस, 17 जनवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर। पोस्ट पर फैंस की खुशी थमने का नाम नहीं ले रही थी। एक व्यक्ति ने लिखा, बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं! काउंटडाउन शुरू हो चुका है, जबकि दूसरे ने लिखा, 'द रोशन्स' की विरासत देखने के लिए एक्साइटेड हूं। एक और कमेंट में लिखा गया, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के महान लोगों पर प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री देखने का इंतजार है। 17 जनवरी - तारीख सेव कर ली। कई अन्य फैंस ने रेड हार्ट और फायर इमोजी के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। द रोशंस का निर्देशन शशी रंजन ने किया है। सूत्रों के मुताबिक इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बॉलीवुड के कई सितारों के इंटरव्यू भी होंगे, जिन्होंने रोशन परिवार के साथ काम किया है। राकेश रोशन ने इस साल की शुरुआत में शाहरुख खान का द रोशंस में योगदान के लिए धन्यवाद किया था।

# पुष्पा 2 ने ऑस्ट्रेलिया में रचा इतिहास, 14वें दिन की कमाई से बनाया ये रिकॉर्ड, भारत में 1,000 करोड़ की ओर बढ़ रही फिल्म

पुष्पा 2 इंडियन सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. पुष्पा 2 द रूल घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. पुष्पा 2 ने कोरोनाकाल के बाद रिलीज हुई फिल्मों को कमाई में पीछे छोड़ दिया है. वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में बाहुबली 2 अभी भी टॉप पर विराजमान है. अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन सभी फिल्मों को पानी पिला दिया है. पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने शानदार दो हफ्ते पूरे कर लिए हैं. बता दें, पुष्पा 2 वर्ल्डवाइड 1500 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है और फिल्म जल्द ही भारत में 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने जा रही है. यह तय है कि पुष्पा 2 आज अपने 15वें दिन की कमाई से घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये छापने में कामयाब रहेगी. वहीं, पुष्पा 2 की 14वें दिन की कमाई की बात करें तो एक बार फिर पुष्पा 2 की कमाई में गिरावट दर्ज हुई है. सैकनिल्क के अनुसार, 14वें दिन पुष्पा 2 की कमाई में 10.92 फीसदी की गिरावट देखी गई है. वहीं, फिल्म पुष्पा 2 ने 14वें दिन भारत में 20.8 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ पुष्पा 2 का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 973.65 करोड़ रुपये हो गया है. बता दें, पुष्पा 2 ऑस्ट्रेलिया में साल 2024 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. पुष्पा 2 ने ऑस्ट्रेलिया में 4 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया है.

बता दें, पुष्पा 2 ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस बल्कि वर्ल्डवाइड सबसे ज्यादा कमाई करने वाली इंडियन फिल्म बनने जा रही है. पुष्पा 2 ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 14 दिनों में 1500 करोड़ रुपये तकरीबन कमाई कर ली है और फिल्म के पास अभी एक और फ्री हफ्ता बचा है, जिसमें पुष्पा 2 अपनी कमाई में रफ्तार लाएगी. बता दें, दंगल (2000 करोड़ रुपये से ज्यादा) और बाहुबली 2 (1800 करोड़ रुपये से ज्यादा) का रिकॉर्ड तोड़ पुष्पा 2 भारत की सबसे कमाऊ फिल्म बनने जा रही है.

**तापसी पन्नू ने फिल्म गांधारी से साझा कीं अपनी झलकियां, लिखा- युद्ध शुरू हो रहा है**

अभिनेत्री तापसी पन्नू को पिछली बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल खेल में में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब तापसी अपनी आगामी फिल्म गांधारी की तैयारी में जुट गई हैं। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।इसके साथ तापसी ने गांधारी से अपनी कुछ झलकियां साझा की हैं, जिसमें वह तमाम स्टार कास्ट के साथ नजर आ रही हैं।

तापसी ने लिखा, हे प्रभु, मेरी प्रार्थना स्वीकार करो। मैं कभी भी अच्छे कर्म करने से विमुख न हो जाऊं। युद्ध में जाते समय मुझे शत्रुओं का भय न रहे और मैं दृढ़ निश्चय के साथ विजय हो जाऊं।

### वरुण धवन की बेबी जॉन का नया गाना हजार बार जारी, कीर्ति सुरेश संग नए गाने में दिखा रोमांटिक अंदाज

वरुण धवन की नई फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में वरुण की हीरोइन कीर्ति सुरेश हैं। इस फिल्म का एक लव सॉन्ग रिलीज हुआ है। इसमें कीर्ति और वरुण रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं।

वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो उनकी फिल्म 'बेबी जॉन' के नए गाने का है। इस गाने का संगीत मन को सुकून देने वाला है, साथ ही बोल भी दिल को छू जाते हैं। गाना सुनकर लगता है कि आने वाले दिनों में यह गाना रोमांटिक सॉन्ग की लिस्ट में अपने लिए खास जगह बना सकता है।

'बेबी जॉन' फिल्म के नए रोमांटिक सॉन्ग 'हजार बार' में वरुण धवन लवर बॉय के अंदाज में नजर आ रहे हैं। वहीं कीर्ति की सादा अंदाज भी अच्छा लग रहा है।

# बच्चों के लिए ऑनलाइन कपड़े खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

आजकल लोगों के पास में पहले के मुकाबले शॉपिंग करने के लिए बहुत सारे ऑप्शन होते हैं. पहले जहां कपड़ों से लेकर कोई भी जरूरी सामान लेने के लिए लोगों को बाजार जाना पड़ता था. अब घर बैठे-बैठे ही लोग किसी भी चीज को ऑर्डर कर लेते हैं. आजकल हर कोई ऑनलाइन कपड़ों की शॉपिंग करता है. कुछ ही मिनटों में सामान ऑनलाइन ऑर्डर करने के बाद घर डिलीवर हो जाता है. ऐसे में लोग अपने बच्चों के लिए भी ऑनलाइन कपड़े खरीदने में पीछे नहीं रहते हैं.लेकिन अक्सर ऑनलाइन शॉपिंग करने में कंफ्यूजन भी बहुत होता है. कई बार ऐसा भी होता है कि कुछ सही से समझ नहीं आता है. अगर आप भी अपने बच्चे के लिए ट्रेंडी और कंफर्टेबल कपड़े खरीदना चाहते हैं तो यहां बताए टिप्स को फॉलो कर सकते हैं. आइए जानते हैं इनके बारे में. ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सबसे पहले फैशन ट्रेंड को जरूर चेक करें. इसके लिए आफ ब्लॉग्स, इंस्टाग्राम और पिंटेरेस्ट की मदद ले सकते हैं. आजकल क्या फैशन में है ये जानना बहुत जरूरी है. आप सोशल मीडिया पर भी जाकर देख सकते हैं कि आजकल कौन से ट्रेंडिंग शेड्स, डिजाइन और पैटर्न चलन में हैं. इसके बाद यहां से सिलेक्ट करें कि आपके बच्चे पर इनमें से क्या अच्छा लगेगा. आप जब भी अपने बच्चे के लिए कोई भी कपड़े ऑनलाइन खरीदें तो उसके लिए जिस भी एप का इस्तेमाल कर रही हो तो उसमें सर्च फिल्टर लगाना न भूलें.आप किसी एप पर ऑनलाइन शॉपिंग करिए तो वहां बच्चे की उम्र, जेंडर और साइज का ऑप्शन दिया रहता है. ऐसे में इस सर्च फिल्टर के ऑप्शन को शॉपिंग करते समय इस्तेमाल करिए ताकि आप बच्चे के लिए सही नाप का कपड़ा खरीद सकें. बच्चों के लिए कपड़े चुनते समय इस बात का भी खास ध्यान रखना है कि वो दिखने में ट्रेंडी तो हों लेकिन साथ में कंफर्टेबल भी हों.सही फैब्रिक का ऐसे करें चयनबच्चे के लिए कंफर्टेबल कपड़े लेना सबसे जरूरी है. इसके लिए ऑनलाइन कपड़े मंगवाते समय सही फैब्रिक का चुनाव करें. कपड़े खरीदते समय एक बात का खास ख्याल रखना पड़ता है कि उसका फैब्रिक मुलायम हो. बच्चों की त्वचा संवेदनशील होती है, इसलिए हमेशा कॉटन बैम्बू या फिर लिनन से बने कपड़ों को ही खरीदें. आपको ऑनलाइन कपड़े के बारे में सभी जानकारी साझा की जाती है. आप उसे चेक करके अपने अनुसार बच्चे के लिए कुछ भी ले सकते हैं. जब भी बच्चे के लिए ऑनलाइन कपड़े मंगवा रही हो तो उस कपड़े के बारे में साइट या एप पर दिए गए रिव्यू को जरूर चेक करें. अगर आपको ऑनलाइन कुछ समझ में आ रहा है तो सबसे पहले उसके रिव्यू चेक करिए. जिन्होंने उस कपड़े को खरीदा होगा वो उसे इस्तेमाल करने के बाद रिव्यू जरूर पोस्ट करेंगे. दूसरे पेरेंट्स अक्सर ही ऑनलाइन कपड़े की क्वालिटी और साइज़ वगेरह को लेकर अपना रिव्यू पोस्ट करते हैं. इससे आपकी काफी सहायता हो सकती है.



# क्यों आती है पढ़ाई करते समय नींद ? आलस नहीं झपकी लगने के हैं और भी कारण



बच्चे हो या फिर युवा अक्सर ऐसा सभी के साथ होता है कि किताब खोलते ही नींद आने लगती है. क्या आपको पता है इसके पीछे आलस नहीं कई और भी कारण होते हैं.

यहां जानिए कारण

पढ़ते समय नींद की झपकी आना सामान्य बात है. कई बार कोई भी बुक या मैग्जीन पढ़ते हुए ऐसा लगता है कि आंखें अपने आप बंद हो जाएंगी. आइए जानते हैं पढ़ते समय नींद आने के कारण.

मानसिक मेहनत

पढ़ाई करते समय हमारी मानसिक मेहनत होती है. ये थका देने वाली प्रक्रिया होती है. जब भी हम पढ़ते हैं तो उस दौरान हमारा दिमाग लगातार नई जानकारी को हासिल करने और उसे प्रोसेस करने की कोशिश करता है. यह मानसिक मेहनत हमारे शरीर को थका देती है और नींद आने लगती है.

स्लीप साइकिल गड़बड़ होना

जिन लोगों की स्लीप साइकल गड़बड़ होती है उन्हें भी पढ़ते समय झपकी आती है. अगर आप रात को पूरी नींद नहीं लेते हैं, तो दिन में आपको नींद आना स्वाभाविक है. अनियमित स्लीप साइकिल आपके शरीर की नेचुरल स्लीप-वेक साइकिल को बाधित करता है और आपको दिन में थका हुआ महसूस कराता है.

एक ही पोजीशन में पढ़ना

एक ही पोजीशन में पढ़ने की वजह से भी आपको नींद आ सकती है. अगर आप एक ही पोजीशन में लंबे समय तक बैठकर पढ़ते हैं या अकेले कमरे में पढ़ते हैं, तो आपका शरीर और दिमाग जल्दी थक सकता है, जिसके कारण नींद आने लगती है.

स्वास्थ्य समस्याएं भी हैं कारण

अगर आपको किसी भी तरह की कोई स्वास्थ्य समस्या है तो भी आपको नींद आ सकती है. कुछ स्वास्थ्य समस्याएं जैसे कि एनीमिया, थायरॉइड समस्याएं और डिप्रेशन भी पढ़ते समय नींद आने का कारण बन सकती हैं.

००

## शब्द सामर्थ्य -272

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, वलर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 271 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | यां | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विधुत विभाग सिहोरा सहायक अभियंता सर्किल पोड़ा क्षेत्र से मृतक मिलन बर्मन की मृत्यु के संबंध मे दस्तावेज प्राप्त किये गये । सहायक अभियंता द्वारा अपने पत्र में लेख किया गया है कि लाईन मेन संदीप सिंह खंगार को काम कराने हेतु प्रशिक्षित कर्मचारी सुखचैन लोधी नियुक्त किया गया था लाईन मेन संदीप सिंह खंगार द्वारा अप्रशिक्षित व्यक्ति मिलन बर्मन को पोल पर चढ़ाकर बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य कराया गया एवं उसी समय विधुत आपरेटर नरेन्द्र तिवारी द्वारा परिमिट होते हुये भी बिना अनुमति के उपेक्षा एवं लापरवाही पूर्वक विधुत प्रवाह चालू कर दिया



# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान सरकारी योजनाओं का लाभ लेने सैंकड़ो हितग्राही पहुँचे आयोजित शिविर में








## डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड में आयोजित किया गया शिविर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा अनुरूप भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने आज दिनांक 23 दिसम्बर को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड के अन्तर्गत सरस्वती शिशु मंदिर, त्रिमूर्ति नगर में आयोजन हुआ। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने सैंकड़ो हितग्राही पहुँचे। जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों ने शिविर में आए हुए हितग्राहियों को हर योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें उनका लाभ दिलाया। हितग्राहियों ने भी अपनी पात्रता अनुसार चल रही इन विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया। शिविर में एक ही स्थान पर अनेकों योजनाओं का लाभ लेते हुए हितग्राहियों के भी चेहरे खिल उठे। विदित हो कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर हर व्यक्ति के उत्थान के लिए यह कल्याणकारी योजनाएँ चल ही है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के इन योजनाओं का लाभ इन शिविरों के माध्यम से मिल रहा है। शिविर में पी.एम. स्वानिधी योजना के दो हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपयों के चेक एवं 3 पेंशन हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। शिविर में सैंकड़ो हितग्राही उपस्थित हुये उनके द्वारा 114 प्रकरण जमा कराये गए। शिविर के दौरान वार्ड पार्षद श्रीमति रेणु राकेश कोरी, अपर आयुक्त श्रीमति अंजू सिंह, संभागीय,लोक सेवा प्रबंधक तरुण प्रजापति, संभागीय अधिकारी सतेन्द्र चक्रवर्ती, शिविर प्रभारी अरविन्द श्रीवास्तव एवं विभिन्न विभागों के तथा संभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आज यहाँ आयोजित होगें शिविर**

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर दिनांक वार आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 24 दिसम्बर 2024 को चेरीताल वार्ड में कान्य कुब्ज सभा भवन एवं सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड में आयोजित किये जायेगें शिविर। निगमायुक्त ने सभी हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने अपील की है।

# कलचुरी समाज का परिचय सम्मेलन 25 दिसंबर को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गत दिवस कलचुरी महासभा की बैठक मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से परिचय सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा की गई। विभिन्न समितियों द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है।महामंत्री बी डी राय के द्वारा बताया गया कि कलचुरी गौरव पत्रिका भी विमोचन के लिए तैयार है।अध्यक्ष व महामंत्री ने स्वजातीय बंधुओं,माताओं ,बहनों से अपील की है कि 25 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में समाज भवन में विवाह योग्य बच्चों के साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

**सभी के लिए दोपहर भोज का भी आयोजन भी किया गया है।**

बैठक में डॉ व्ही के गुप्ता, देवेन्द्र चौकसे,सुरेश चौकसे,राजेश जायसवाल पप्पू, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती राजी राय, श्रीमती रेखा चौकसे, श्री मति अपर्णा चौकसे, श्रीमती सपना राय,श्रीमती उमाभारती जायसवाल,आशीष राय,संजय चौकसे, राकेश चौकसे, गोविंद राय, उमाकांत चौकसे, राजीव चौकसे,कौशलेन्द्र महाजन,मुकेश राय,राकेश राय ,प्रशान्त चौकसे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।यह समाचार मीडिया प्रभारी कौशलेंद्र महाजन से प्राप्त हुआ।

**निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने सभी दुकानदारों को जारी किया नोटिस**

# नया बाजार मार्केट के दुकानदारों को राशि जमा करने 3 दिन का अल्टीमेटम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की नया बाजार मार्केट की दुकानों में क्रमांक 1 से 65 समस्त दुकानदारों को अतिरिक्त निर्माण के नियमितिकरण कर राशि जमा करने बार-बार नोटिस दिया गया एवं मौखिक रूप से भा सभी दुकानदारों को समझाइश दी गई, इन सबके बावजूद भी दुकानदारों के द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई गई, जिसके कारण आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने सभी संबंधित नया बाजार मार्केट के दुकानदारों को नोटिस जारी कर 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। नोटिस के संबंध में बाजार अधीक्षक श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम स्वामित्व की नया बाजार मार्केट के समस्त दुकानदारों को अतिरिक्त निर्माण के नियमितिकरण करने बार-बार नोटिस दिया गया। उन्होंने बताया कि नोटिस देने के उपरांत दुकानदार द्वारा राशि जमा नहीं की गई। उन्होंने बताया कि राशि जमा करने हेतु अंतिम नोटिस दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को दिया गया है। उक्त नोटिस के उत्तर में कोई भी दुकानदार द्वारा राशि जमा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि नया बाजार मार्केट के दुकानदारों को 3 दिवस के भीतर राशि जमा न होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अतिक्रमित भूमि/निर्माण हटाने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी दुकानदारों की होगी। उन्होंने दुकानदारों से अपील की है कि 3 दिवस के भीतर राशि जमा कर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

# एम.पी. ट्रांसको में महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध पर जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समाज में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों से महिलाओं की सुरक्षा हेतु एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) की महिला आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्षा श्रीमती श्रद्धा तिवारी कि पहल पर कंपनी की महिला कार्मिकों को भी साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक बनाने हेतु एम.पी. ट्रांसको के मुख्यालय जबलपुर में मानव संसाधन एवं प्रशासन, योजना एवं रूपांकन, स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर, मानव संसाधन एवं विकास, परीक्षण एवं संचार, अउदा-संधा, अउदा-निर्माण, मुख्य वित्तीय अधिकारी, सी.आर.ए. संकायो में महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आई.टी. विशेषज्ञ राहुल दादोरिया द्वारा कंपनी की महिला कार्मिकों को साइबर क्राइम से जुड़े विभिन्न पहलुओं, सजगता - सतर्कता से भलीभाँति अवगत कराया गया एवं महिलाओं को सुरक्षा संबंधी विभिन्न अधिनियम भी बताए गए।

# मंथनश्री संस्था द्वारा भजनों का लोकार्पण एवं रफी के गीतों की सांगीतिक प्रस्तुति आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मंथन श्री साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के द्वारा मोहम्मद रफी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में रफी के सुमधुर गीतों की सांगीतिक प्रस्तुतियां एवं कविवर संतोष नेमा संतोष द्वारा सृजित व श्रीमती प्रीति नामदेव द्वारा स्वरवद्ध भजनों का प्रस्तुतिकरण वरिष्ठ साहित्यकार प्रतुल श्रीवास्तव के आतिथ्य में आज 24 दिसंबर को शाम 6.30 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया जाएगा ।मंथनश्री संस्था के राजेश पाठक प्रवीण,राजेंद्र मिश्रा,विजय किसलय,मनोहर सोनी,दिनेश खड़किया, कविता राय,सुरेश सोनी दर्पण,विजय नेमा,प्रभा विश्वकर्मा,अर्चना द्विवेदी,अजय मिश्रा, आदि ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

# पावर जनेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह को प्रदान किया गया प्रतिष्ठित कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एन्ड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सर्विसेस एवं इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस का प्रतिष्ठित कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड 2023 मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना को पिछले दिनों भुवनेश्वर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की ओर से यह अवार्ड सेफ्टी ऑफिसर शैलेष चौहान और विल्सन जॉय लाकरा ने ग्रहण किया। विद्युत गृह को यह अवार्ड लार्ज स्केल इंटरप्राइजेस मेजर इंडस्ट्री केटेगरी में प्रदान किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित यह अवार्ड, उद्योगों में संरक्षा एवं कर्मचारी स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्च मानकों की प्राप्ति पर प्रदान किया जाता है ।इस हेतु कर्मचारी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, स्वच्छ तकनीक (क्लीन टेक्नॉलजी), अपशिष्ट निपटान, जल खपत में कमी आदि की स्पष्ट कसौटी पर मूल्यांकन किया गया था। अवार्ड का उद्देश्य उद्योगों में संरक्षा प्रबंधन




एवं जागरूकता के स्तर को ऊंचाई प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना ने अवार्ड के लिए निर्धारित सेफ्टी (संरक्षा) से संबंधित सभी मापदंडों को सफलातपूर्वक पूर्ण किया।

ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई-प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई व पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के समस्त अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

अवार्ड समारोह में शामिल हुए विदेशी प्रतिनिधि-अवार्ड समारोह में ओडिशा के उप मुख्यमंत्री कनकवर्धन सिंहदेव, लेसोथो की उच्चायुक्त लेबोहांग वेलेंटीनेव मोचाबा, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के उप महावाणिज्य दूत योंग किन, स्विट्जरलैंड के डॉ. एस. ईटीएच मार्क फुएलेमान और जर्मनी के प्रो. कार्ल-हेंज नोएटेल सहित कई देश-विदेश के तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के अलावा विभिन्न श्रेणियों में एनटीपीसी, आईओसीएल, टाटा मोटर्स आदि प्रतिष्ठित संस्थानों को भी पुरस्कृत किया गया ।

संरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है पावर जनरेटिंग कंपनी-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने कहा कि श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने सेफ्टी (संरक्षा) के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में सफलता हासिल की है और परिणाम स्वरूप इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना को ये पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान संरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ विद्युत परियोजना के भीतर सुरक्षा मानकों में नए मानक स्थापित करने के प्रति सतत् समर्पण को मान्यता देता है।

# गुंजन स्थापना दिवस पर निश्शुल्क दंत शिविर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सांस्कृतिक, साहित्यिक संस्था गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश के 66 वें स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य जागरुकता के उद्देश्य को लेकर 15 दिवसीय निश्शुल्क दंत शिविर का आयोजन होम साइंस कालेज के पास स्थित गार्गी डेन्टल केयर में किया जा रहा है जिसका शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आनंद तिवारी ने किया इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष सुरेश सराफ, गौरीशंकर केसरवानी, वरिष्ठ पत्रकार प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, आलोक पाठक, अभय जैन आदि उपस्थित थे।

डॉ. गार्गी तिवारी ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस 150 मरीजों का परीक्षण कर दांतों से संबंधित बीमारी से सुरक्षित रहने की जानकारी दी 7 शिविर में डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, डॉ. अक्षिता जैन, डॉ. अपूर्वा सिन्हा, डॉ. पलक मोदी एवं डॉ. मानसी जैन आदि का उल्लेखनीय सहयोग रहा

# बीएन ग्रुप ने असली नायकों को सलाम करते हुए सिम्पली फ्रेश टीवी विज्ञापन के साथ अपना नया कैम्पेन 'रखो इरादे फ्रेश' लॉन्च किया

मुबंई (आरएनएस) बीएन ग्रुप के प्रमुख ब्राण्ड सिम्?पली फ्रेश ने अपना नया कैम्पेन, रखो इरादे फ्रेश लॉन्च किया है। वे एक ऐसा विज्ञापन लेकर आए हैं जोकि लोगों के दिलों के तार जोड़ता है और वास्तविक जीवन के उन असली नायकों की बात करता है जिन्होंने अपनी अलग सोच और प्रभावी तरीकों का परिचय दिया है।

इस कैम्पेन का प्रेरणादायक टीवी विज्ञापन ग्रामीण भारत में संवहनीय खेती के लिए अपना बेहतरीन कॅरियर छोड़ देने वाली एक आईटी प्रोफेशनल नीरजा कुद्रीमोती और पांच-सितारा शेफ से सोशल वर्कर बनकर गरीबों के नाम अपना जीवन समर्पित करने वाले नारायणन कृष्णन जैसे लोगों को एक सम्?मान है। बदलाव और निस्?वार्थ भावना का उनका असाधारण सफर बेहतर भारत के लिए नए-नए विचारों और साहसी विकल्?पों को बढ़ावा देने के सिम्?प्?ली फ्रेश के मिशन से मेल खाता है।

इस कैम्पेन को थोड़ी और धार देते हुए बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद और अनूप सोनी को इस संदेश को मजबूती से आगे ले जाने के लिए शामिल किया गया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल्स के माध्यम से वे दर्शकों को नई सोच अपनाने और अपने-अपने समुदायों में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। इस कैम्पेन के बारे में , किरण गिराडकर, सीएमओ, बीएन ग्रुप, का कहना है, रखो इरादे फ्रेश' कैम्पेन में उस नई सोच और नए तरीकों की ताकत के बारे में बात की गई है जोकि सही मायने में विकास लेकर आते हैं। नीरजा और नारायणन की कहानियां हमें पुरानी धारणाओं को चुनौती देने और एक सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती हैं। सिम्पली फ्रेश इन नायकों और उज्जवल भविष्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करता है।

रखो इरादे फ्रेश टीवी विज्ञापन सिम्पली फ्रेश के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, यूट्यूब चैनल और अन्य डिजिटल माध्यमों पर लाइव किया गया है। इस कैम्पेन में दर्शकों को आकर्षित करने और नए इरादों को बढ़ावा देने के लिए खास कंटेंट और इंटरैक्टिव चुनौतियों को दर्शाया गया है।


# शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गणित सप्ताह का समापन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अंकों के जादू के माध्यम से छोटी-छोटी गणनाओं के माध्यम से गणित की विभिन्न पहेलियां को हल करते हुए छात्र-छात्राओं ने हंसी-हंसी में गणित के कठिन प्रश्नों को हल किया जबलपुर से पधारे वैदिक गणित के प्रचारक डॉ नीलेश चंद्र पांडेय प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय शासन से अनुदान द्वारा छात्र-छात्राओं को गणित की बारीकियां के बारे में समझाया गया

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अतुल बाजपेई सर द्वारा छात्र-छात्राओं को गणित के जीवन में उपयोग के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया द्य इसी क्रम में गणित विभाग के श्री प्रवीण सर द्वारा छात्र-छात्राओं को गणित की कठिनाइयों को कैसे दूर किया जा सकता है इस संबंध में अपनी बात रखी गई द्य उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल, राष्ट्रीय संचार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की संकल्पना पर



आधारित गणित सप्ताह का आयोजन शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में प्रभारी प्राचार्य डॉ नियाज़ अहमद अंसारी ,गणित सप्ताह समन्वयक डॉ हरेंद्र कुमार ,राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजक सचिव डॉ राजीव तिवारी सहित गणित विभाग के डॉ हरीश शुक्ला, डॉ फरहा नाज, भौतिक विभाग की डॉ रूपलता चतुर्वेदी के संयोजन में गणित के संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जारहे हैं द्य गणित सप्ताह के समापन कार्यक्रम में आज दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ अविनाश दीक्षित प्रोफेसर गणित के द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से गणित की सरलता को प्रस्तुत किया गया द्य महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को विभिन्न शोध पत्रों एवं आलेखों को महाविद्यालय द्वारा आईएसबीएन बुक के रूप में प्रसारित किए जाने की उद्घाटन स्वरूप प्रथम पेज का अनावरण सम्मानित अतिथियों के द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम के अगले सत्र में छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गणित सप्ताह को लेकर अनुभव प्रस्तुत किए गए साथ ही गणित क्यों पढ़ना चाहिए इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया द्य छात्र छात्रों में गणित के भय को दूर करने के लिए , गणित की प्रति रुचि जागृत करने के लिए गणित की विभिन्न संकल्पनाओं का सरलीकरण करते हुए शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में रंगोली, पोस्टर , गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों एवं प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया द्य महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य गण डॉ शिवकुमार हल्दकार, डॉ अरुणेंद्र बहादुर सिंह डॉ रेम सिंह हटीला सहित डॉ अनुपम सिंह , डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा, डॉ परिणीता त्रिपाठी, डॉ किरण भारती, डॉ रश्मि साकेत, डॉ विष्णुकांत तिवारी, डॉ राम वृक्ष ,डॉ जुगल किशोर ,डॉ सत्येंद्र महोबिया ,डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ स्वराज पाल , श्रीमती नीतू नामदेव, श्रीमती तबस्सुम बानो सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनी रही द्य कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन आयोजक सचिव डॉक्टर राजीव तिवारी द्वारा किया गया जिसमें वीडियो संदेश के माध्यम से एवं प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित अतिथियों मास्टर नंदीश पांडे , समर्थ सिंह ,नमन का विशेष आभार महाविद्यालय परिवार की तरफ से किया गया



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना लार्डगंज में विनोद केवट उम्र 55 वर्ष निवासी सब्जी मंडी पड़ाव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह चाय की दुकान चलाता है आज सुबह 6 बजे अपनी पत्नि निर्मला सोनी के साथ अपनी दुकान आगा चौक पहुंचा जहां पर पिल्लू बेन उसका रास्ता रोककर बोला की तू मुझसे चाय के पैसा मांगता है तू नहीं जानता है कि मुझसे कोई भी किसी भी चीज का पैसा नही लेता है मैं गुण्डा हूँ गाली गलोज करते हुये बोला की आज तुझे जान से खतम कर दूंगा फिर अपने पास में रखा हुआ चाकू निकाल कर उसे जान से मारने की नियत से उस पर हमला कर दिया

## कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिलास्तरीय निगरानी समिति की बैठक

# जनहित को दृष्टिगत रखते हुए प्रदूषण की रोकथाम व नियंत्रण की दिशा में कार्य करें-कलेक्टर सक्सेना





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने, शहर के नागरिकों को स्वच्छ वायु मिल सके जिससे शहर में स्वच्छ और स्वच्छता का चहुँओर वातावरण बने इसके लिए जिलास्तरीय निगरानी समिति (डी.एल.एम.आई.सी.) के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए और स्वच्छ वायु गुणवत्ता में और अधिक सुधार आये इसके लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर वर्तमान मे संचालित कार्य योजना के सफल क्रियान्वन के लिए निर्देश दिए। बैठक के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु निरंतर विभिन्न विभागों के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की जा रही है साथ-साथ 100 दिन में किए जाने वाले कार्यों को समाहित कर

## समीक्षा बैठक में निगमायुक्त प्रीति यादव के साथ अन्य विभागों के अधिकारी हुए शामिल

विस्तृत शीतकालीन कार्य योजना की प्रोग्रेस का प्रजेंटेशन उपायुक्त एवं नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के नोडल संभव अयाची द्वारा दिया गया एवं उपस्थित अन्य विभागों से इस कार्य योजना में प्रभावी रूप से शामिल होकर सहभागिता प्रदान करने के भी निर्देश दिए गए। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार ओपन बॉयोमास (कोयला, लकड़ी, ब्रिकेट्स, होटल, रेस्टोरेंट ठेले इत्यादि), कचरा एवं अलाव जलाने पर लगाये गये प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करते हुये, नगर पालिक निगम के समस्त सफाई मित्रों को कचरा एकत्रीकरण के पश्चात् उसे न जलाने हेतु प्रशिक्षित किया जाये, शहर के प्रमुख भीड़ भाड़ एवं प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग लगाकर साथ ही शहर में संचालित डिस्प्ले बोर्ड पर जागरूकता के संदेश, चलचित्र के माध्यम से नागरिकों से कचरा न जलाने, सड़क पर मलबा न फेलाने हेतु जागरूक करने, शहर में जहां ज्यादा धूल उड़ने की संभावना है, उन्हें हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित कर वहां मैकेनिकल स्वीपिंग व नियमित जल छिड़काव के माध्यम से नियंत्रण किया जाये, जिन क्षेत्रों में निर्माण कार्य चल रहे हैं वहां धूल न उड़े इसके लिए ग्रीन नेट लगाने एवं शहर की प्रमुख सड़को की जेटिंग मशीन, वाटर स्प्रिकलर, रोड स्वीपिंग मशीन, डी फोगर के द्वारा रोड की सफाई, धुलाई एवं डिवाइडर की सफाई करने, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शहर की ओधौगिक इकाइयों में क्लीन फ्यूल का अधिक से अधिक उपयोग हेतू प्रोत्साहित करने, जिला परिवहन विभाग को सभी शहरों में वेब बेस्ड पी.यू.सी. सेन्टर्स स्थापित किये जायें। शहर में वह स्थान चिन्हित किये जायें, जहां अत्यधिक संख्या में वाहन गतिविधियां संचालित होती हैं, वहां पीक ऑवर्स के समय ट्रैफिक डायवर्जन करते हुये, नियंत्रित किया जाये तथा ऐसे स्थानों पर पी.यू.सी. प्रमाणपत्र की जांच हेतु विशेष अभियान चलाते हुये, उल्लंघन की स्थिति में चालानी कार्यवाही की जाये। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुये सड़कों पर चलने वाले अनफिट वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया जाये, पी.यू.सी. सेंटर को केन्द्रीयकृत सर्वर से जोड़ने एवं सभी वाहनों की पी.यू.सी. सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से जांच करने, कृषि विभाग को शहरों के आस-पास के खेतों/ग्रामीण क्षेत्रों में पराली जलाने की गतिविधियों पर सतत् निगरानी रखते हुये,

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी पर केन्द्रीय गृहमंत्री द्वारा किये गये अपमान के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने निगम परिसर में किया विरोध प्रदर्शन



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया है कि विगत दिनों देश की संसद में संविधान निर्माता भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जी पर देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अपने वक्तव्य में जिस प्रकार अपमान किया गया है उसके विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा देश में लगातार विरोध किया जा रहा है आज इसी की कड़ी में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा नगर निगम परिसर में देश के गृहमंत्री के अनाप शनाप बयानों पर प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्षदों द्वारा हाथों में बाबा साहब भीमराव अंबेडर जी एवं संविधान की रक्षा की तख्तियाँ लेकर तीखी नारे बाजी की गई । वक्ताओं द्वारा कहा गया है कि भाजपा हमेशाा से देश को बांटनें में विश्वास रखती है वहीं देश के दलित शोसित पिछड़े वर्ग के लोंगों को जिन्होंने जीने का अधिकार दिलाया हमें जन्म जरूर ईश्वर द्वारा दिया गया है लेकिन जिस शख्सियत ने इन लोंगों को जीने एवं आगे बढ़ने का अधिकार दिलाया उन सब के लिये बाबा साहब ईश्वर तुल्य ही हैं । देश के गृहमंत्री अमित शाह को देश से माफी मांगना चाहिए क्योंकि उन्होंने सम्पूर्ण देश का अपमान किया है । इस प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, पार्षद सर्वश्री संतोष दुबे पंडा, मुकीमा याकूब अंसारी, गुलाम हुसैन, श्रीमती रितु राजेश यादव, श्रीमती प्रीति अमर रजक, गुड्डू तामसेतवार, श्रीमती तुलसा लखन प्रजापति, श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, सत्येन्द्र चौबे, हर्षित यादव, कलीम खान, राकेश पांडे, अख्तर अंसारी, प्रमोद पटैल, सांसद प्रतिनिधि ताहिर अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# पुरानी रंजिश पर हफाई फायर करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गढ़ा में रात्रि मनीष रैकवार उम्र 30 वर्ष निवासी गंगासागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गंगासागर एकता चौक में फुल्की की दुकान चलाता है दिनांक 22-12-24 को रात लगभग 10-30 वह अपने दोस्त दीपक पटैल, दिनेश यादव एवं नीलेश यादव के साथ खड़ा था तभी दीपेश तिवारी अपने साथी के साथ एक्सिस से आकर पुरानी रंजिश को लेकर दोनों उसे गाली गलोज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो दीपेश तिवारी उतावलेपन में आकर अपनी कमर में खोसे हुये पिस्टल से उसे डराने धमकाने की नियत से एक हवाई फायर किया तो वह एंव उसके साथी घबरा गये डरकर वहां से भागे तो दीपेश तिवारी ने हमारा पीछा भी किया और बोला कि रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देगें। रिपोर्ट पर धारा 296, 125, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अकाल मृत्यु

**जबलपुर** थाना गोसलपुर में आज श्रीमती वर्षा कोल उम्र 30 वर्ष निवासी तिलहारी थाना बरेला ने सूचना दी कि उसका मायका ग्राम बुढ़ागर कुलियाना मोहल्ला गोसलपुर में है वह अपने पति लाली कोल उर्फ राजू कोल उम्र 36 वर्ष एवं बच्चों के साथ मायके के घर के बाजू से अपना घर बनाकर रहती है दोनों पति पत्नी मजदूरी करते हैं

# 4 आरोपी चाकू रखकर घूमते हुए पकड़े गए

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग 592 अधिकारी एवं कर्मचारियों की 81 टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।

टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षो से फरार 132 गैर म्यादी वारिटयों एवं 151 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 78 जमानती वारंट भी तामील किए गए, साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान थाना गोरखपुर पुलिस ने सुजीत राय को एवं केंट पुलिस ने विकास उर्फ अण्डा को तथा माढ़ोताल पुलिस द्वारा नुरूद्दीन एवं सोयेब को चाकू रखकर घूमते हुए पकड़ा गया है।

इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

जबलपुर शहर की यातायात व्यवस्था सुव्यस्थित एवं सुचारू बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार यातायात अधिकारियो/कर्मचारियों की ली गयी बैठक

# जेल में बंद बदमाश का खजांची होने के शक में युवक का अपहरण

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र स्थित दीनदयाल चौक के पास बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर कार में बैठाकर उसे भोपाल ले गये। वहाँ उससे मारपीट की और फिर वापस शहर लाकर छोड़ दिया। अपहरित युवक ने शनिवार की रात थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित का कहना था कि उसे अगवा करने वाले बदमाशों को शक था कि वह जेल में बंद एक बदमाश का खजांची है और उसका पैसा रखे हुए है। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी बदमाशों की तलाश में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वसुंधरा कॉलोनी निवासी सूर्यकांत पाठक उम्र 38 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी पहचान राजेश दुबे, देवेंद्र पाठक, अतुल गुप्ता, राम सिंह राय व उनके एक अन्य साथी से थी। उनको लगा कि सूर्यकांत के पास जेल में बंद एक बदमाश का काफी पैसा रखा हुआ है। जिसके चलते उन्होंने योजना बनाकर 4 दिसम्बर को दीनदयाल चौक के पास से सूर्यकांत का अपहरण किया और जबरन कार क्रमांक एमपी 20 सीई 5425 में बैठाकर उसे त्रिपुर सुंदरी मंदिर के पास ले गये। वहाँ उसे दूसरी कार क्रमांक एमपी 04 सीएन 8991 में बैठाया और भोपाल ले गये। वहाँ पर उससे रुपयों के संबंध में पूछताछ की जिस पर उसने कहा कि उसके पास किसी का कोई पैसा नहीं है जिसके बाद सभी ने उससे मारपीट की और अगले दिन भोपाल से जबलपुर लाकर उसे गोरखपुर क्षेत्र में छोड़कर भाग गये। इस बीच परिजनों द्वारा उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी जिसके बाद पुलिस ने 6 दिसम्बर को उसकी दस्तयाबी की लेकिन उस दौरान वह दहशत में चुप रहा। शनिवार की रात उसने थाने पहुँचकर पूरी घटना बताई जिसके बाद पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया।

## धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर** -थाना माढोताल में रविन्द्र तोमर पिता खूबचंद तोमर उम्र 34 साल निवासी सकार उदय तुलसी नगर थाना कोतवाली ने लिखित शिकायत की कि हमारी कम्पनी आर.के.सी.टी. लेबोरेटरी प्रा. लि. जो कि एक मल्टी नेशनल कम्पनी है एवं 316/3, रैगवां, पाटन बायपास रोड, ग्रीन वैली स्कूल के पास स्थित है, तथा मिनिस्ट्री ऑफ कर्पोरेट अफेयस शक्ति भवन, नई दिल्ली में रजिस्टर्ड है ।


### कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर

पत्र क्रं./बा.वि./2024/895 दिनांक 23/12/2024

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री सुनील कुमार जायसवाल, पिता- स्व. श्री राजाराम जायसवाल** द्वारा **आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं शपथ पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **चावल मण्डी मार्केट दुकान क्रं. 68 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.54 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**बाजार अधीक्षक**
**नगर निगम जबलपुर**


# जुए के फड पर छापा, 8 जुआड़ी गिरफ्तार, 4890 रुपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी गोहलपुर श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि आज दिनांक 23-12-24 की रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि महुआखेड़ा में बिजली के खम्बे के नीचे कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश देते हुये जुआरी सिकंदर खान निवासी मछरहाई मस्जिद के पास लार्डगंज, संजय अहिरवार निवासी रामपुर चौधरी मोहल्ला गोरखपुर, कमल विश्वकर्मा निवासी गलगला तिराहा मनोरा होटल के सामने कोतवाली, बालचंद जैन निवासी नन्हें जैन मंदिर के पास कोतवाली, रितेश वासवानी निवासी दशमेश द्वार के पीछे गढ़ा तथा सोहेल उर्फ मोनू निवासी 16 क्वाटर हनुमानताल, जियाउल उर्फ जिया असांरी निवासी 16 क्वाटर सोना बाई की गली हनुमानताल, कासीब हुसैन उफ अमन निवासी रामनगर गोहलपुर, पीर मोहम्मद उर्फ छोटू अंसारी निवासी गाजीनगर गोहलपुर को ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के पत्ते एंव 4890 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# मोटर साइकल शो-रुम के सेल्समैन ने बुकिंग के नाम पर ग्राहकों से हड़पे 18 लाख रुपए, शेयर बाजार, सट्टे में हार गया सारी रकम

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में शारदा चौक स्थित एक मोटर साइकल के शो-रुम में कार्यरत सेल्समैन आशीष यादव ने बुकिंग के नाम पर 11 ग्राहकों से 18 लाख रुपए हड़प लिए. उक्त राशि सेल्समैन ने सट्टे व शेयर बाजार में हार गया. शो-रुम संचालक की शिकायत पर गढ़ा पुलिस ने सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया है.

बताया गया है कि सिवनी निवासी आशीष यादव शारदा चौक स्थित एक शो-रुम में सेल्समैन के रुप में काम करता रहा. पिछले एक माह के दौरान जो भी ग्राहक बुलट मोटर साइकल बुक कराने आता तो आशीष बुकिंग की राशि क्यूकोड के माध्यम में अपने खाते में डलवा लेता था. यहां तक कि ग्राहकों से लगातार संपर्क में रहकर आश्वासन देता रहा कि जल्द से जल्द आपकी मोटर साइकल आ जाएगी. समय बीतने के बाद भी जब ग्राहकों को मोटर साइकल नहीं मिली तो उन्होने शो-रुम के मालिक से संपर्क कर बताया कि बुकिंग के रुपए जमा कराने के बाद भी उन्हे बाइक नहीं मिल रही है.

मालिक ने जब आफिस में जानकारी हासिल की तो पता चला कि आशीष ने कंपनी के रुपए अपने खाते में जमा कराए है. इसके बाद शो-रुम संचालक ने गढ़ा थाना में आशीष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. वहीं खबर मिलते ही आशीष फरार हो गया. पुलिस ने तलाश करते हुए आशीष को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो पता चला कि आशीष शेयर बाजार व सट्टे में सारी रकम हार चुका है. पुलिस ने आशीष को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है.


### कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )

**तृतीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2024_UAD_390260_1 PRO- 407 Date-23/12/2024 | संभाग क्रंमाक 02 कछपुरा स्वामी विवेकानंद वार्ड में पीपलेश्वर गार्डन की ओर मेन गेट का निर्माण कार्य। | 2.75 लाख<br>02 माह | 2000/-<br>2748/- | 03.01.2025 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2024_UAD_390364_1 PRO- 409 Date-23/12/2024 | संभाग क्रंमाक 02 कछपुरा अंतर्गत स्वामी विवेकानंद वार्ड में हर्षित नगर एवं साहिब परिसर में लखेरा जी के घर से आर्शीवाद विला तक डामरीकरण कार्य। | 4.07 लाख<br>02 माह | 2000/-<br>4073/- | 03.01.2025 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**



### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 144 2024-2025 दिनांक 23/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री मदन विश्वकर्मा, पिता- जमना प्रसाद विश्वकर्मा** ने भवन क्रंमाक 2082 से 2085 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000433833 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती चमेली बाई विश्वकर्मा/ जमना प्रसाद विश्वकर्मा, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड**, विक्रय प्लाट रकवा 1365 व.फु., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 141 2024-2025 दिनांक 19/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री नवल किशोर सिंह राठौर, पिता- स्व. श्री शंकर सिंह राठौर** ने भवन क्रंमाक 4950 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 44002574 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री एस.एस. राठौर, पिता स्व. श्री मिट्ठू लाल राठौर, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड**, निर्मित भूतल 1192 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, वसीयतनामा, सहमति शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 140 2024-2025 दिनांक 19/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री राजेश सिंह राठौर, पिता- स्व. श्री शंकर सिंह राठौर** ने भवन क्रंमाक 731/पी-104 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं.1000361187 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री एस.एस. राठौर, पिता स्व. श्री मिट्ठू लाल राठौर, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड**, निर्मित क्षेत्रफल 3645 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1212.5 व.फु., निर्मित भूतल 600 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 600 व.फु. आर.सी.सी., द्वितीयतल 300 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, वसीयतनामा, सहमति शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 138 2024-2025 दिनांक 19/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री मनीष राठौर, पिता- स्व. श्री शंकर सिंह राठौर** ने भवन क्रंमाक 731/पी-104 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं.1000361187 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री एस.एस. राठौर, पिता स्व. श्री मिट्ठू लाल राठौर, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड**, निर्मित क्षेत्रफल 3645 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1187.05 व.फु., निर्मित भूतल 600 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 600 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, वसीयतनामा, सहमति शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/187 दिनांक 23.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री आदित्य तिवारी, पिता- स्व. श्री राम विष्णु तिवारी** ने मकान नं. 2890/ एम.आई.जी. 218 , **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 700 व.फु., भूतल 700 व.फु., प्रथमतल 700 व.फु., द्वितीयतल 400 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999